

नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 186 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, शुक्रवार 13 मई 2022


पेज -3 पर राजस्व प्रकरणों को ऑनलाईन दर्ज कर निराकरण में लाएं तेजी-संभाग...

जिला भाजपा की बैठक में 16 तारिख जेल भरो आंदोलन की बनी रणनीति.. पेज -8 पर




JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

## एक नजर

### राहुल गांधी के साथ ट्रेन में बैठकर उदयपुर जाएंगे भूपेश बघेल



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गुरुवार को रायपुर से दिल्ली के लिए रवाना हो गए। उन्हें वहां से राहुल गांधी और दूसरे वरिष्ठ नेताओं के साथ ट्रेन से उदयपुर के लिए रवाना होना है। यह ट्रेन यात्रा हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से रवाना होनी है। मुख्यमंत्री शुक्रवार सुबह 7 बजे के करीब उदयपुर पहुंचेंगे जहां कांग्रेस का चिंतन शिविर होना है। रायपुर हवाई अड्डे पर पत्रकारों से चर्चा में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, आज दिल्ली जा रहा हूं। दिल्ली से राहुल गांधी के साथ पूरे एआईसीसी के लोग ट्रेन में बैठकर चिंतन शिविर के लिए जाएंगे। शाम के सात बजे से लेकर सुबह 6 बजे तक सभी लोग साथ में रहेंगे तो वहां चर्चा भी होगी। कल से उदयपुर में चिंतन शिविर शुरू हो रहा है। वहां छह विषयों पर चर्चा होनी है। उसमें राजनीति, अर्थमव्यवस्था, कृषि नीति, सामाजिक न्याय, युवा और संगठन जैसे विषय शामिल हैं। सारे विषयों पर अलग-अलग समूहों में चर्चा होगी। यह चर्चा तीन दिनों तक चलनी है। उसके बाद इसका निचोड़ निकलेगा। एक सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा, सभी राज्यों में गवर्नेंस के अपने मॉडल हैं।

## हावड़ा-मुंबई रूट की 6 ट्रेनें रद्द:अब तीसरी लाइन के लिए छत्तीसगढ़ में 20 से 22 मई तक ट्रेनें कैंसिल

**बिलासपुर।** इस बार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली हावड़ा-मुंबई रूट की छह ट्रेनों को 20 से 22 मई तक कैंसिल कर दिया है। ट्रेनों को रद्द करने की वजह पश्चिम बंगाल के खड़गपुर स्टेशन में तीसरी लाइन कनेक्टिविटी के काम को बताया गया है। इस दौरान तीन ट्रेनें देरी से रवाना होगी और एक गाड़ी परिवर्तित मार्ग से चलाई जाएगी।

रेल प्रशासन की तरफ से जानकारी दी गई है कि खड़गपुर रेलवे स्टेशन में विस्तार का काम चल रहा है। यहां दोहरी लाइन को अब तीसरी लाइन से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। इसके चलते रेलवे स्टेशन में ब्लॉक लेकर काम कराया जाएगा। लिहाजा, 20 से 22 मई तक ट्रैफिक सह पावर ब्लॉक लिया गया है। इस वजह से कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा।




### माल लदान के नाम से कैंसिल है 40 ट्रेनें

इससे पहले कोयला परिवन के नाम से छत्तीसगढ़ से होकर गुजरने वाली 40 से अधिक गाड़ियों को रद्द कर दिया गया है। रेलवे के इस निर्णय को प्रदेश में जमकर विरोध हो रहा है और यात्री ट्रेनें शुरू करने के बाद ही छोटे स्टेशनों के स्टॉपेज को फिर से शुरू करने की मांग की जा रही है।

### रद्द होने वाली गाड़ियां

- 20 मई को पोरबंदर से चलने वाली 12949 पोरबंदर-सांतरागाछी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 21 मई को अहमदाबाद से चलने वाली 12833 अहमदाबाद-हावड़ा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 22 मई को हावड़ा से चलने वाली 12834 हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 22 मई को सांतरागाछी से चलने वाली 12950 सांतरागाछी-पोरबंदर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 21 मई को उदयपुर से चलने वाली 20971 उदयपुर-शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 22 मई शालीमार से चलने वाली 20972 शालीमार-उदयपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

# छत्तीसगढ़ में पुरानी पेंशन योजना लागू, अधिसूचना जारी

### कर्मचारियों का GPF अब वित्त विभाग के पास,रिटायर्ड-मृत कर्मचारियों के आश्रितों को मिलेगा लाभ

**रायपुर। छत्तीसगढ़ में सरकारी अधिकारियों की पुरानी पेंशन योजना औपचारिक रूप से बहाल कर दी गई है। वित्त विभाग ने पेंशन योजना में बदलाव की अधिसूचना को छत्तीसगढ़ के राजपत्र में प्रकाशित करा दिया।**



इसके साथ की राज्य कर्मचारियों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो गई है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 9 मार्च के बजट भाषण में इसकी घोषणा की थी। वित्त विभाग की नई अधिसूचना के मुताबिक नवीन अंशदायी पेंशन योजना के अंतर्गत शासकीय सेवकों के वेतन से की जा रही 10% मासिक अंशदान की कटौती एक अप्रैल 2022 से समाप्त हो जाएगी। सामान्य भविष्य निधि नियम के अनुसार मूल वेतन की कम से कम 12त्न राशि सामान्य भविष्य निधि (GPF) के लिए काटी जाएगी। राज्य सरकार ने GPF खातों के ऑडिट का नियंत्रण भी महालेखाकार कार्यालय से वापस लेकर वित्त विभाग को दे दिया है।

इसके लिए वित्त विभाग के तहत पेंशन एवं भविष्य निधि संचालनालय बनाया जाना है। जब तक यह नहीं बन जाता तब तक के लिए यह वित्त विभाग के नियंत्रण में संचालनालय कोष, लेखा एवं पेंशन के पास रहेगा। अधिसूचना के मुताबिक छत्तीसगढ़ सामान्य भविष्य निधि (GPF) का अकाउंट के रखरखाव और पेंशन से संबंधित सभी कार्यवाहियों के लिए अलग से एक संचालनालय बनाया जाएगा। इसका नाम संचालनालय, पेंशन एवं भविष्य निधि रखा जाना है। राजस्थान में भी सरकार ने ऐसी ही व्यवस्था बनाई है। वित्त विभाग के अफसरों ने नियम बनाने से पहले जयपुर जाकर राजस्थान सरकार की योजना का अध्ययन किया था।

### एनएसडीएल से मिले ब्याज को अलग रखा जाएगा

नेशनल सेक्यूरिटीज डिपोजीटरी लिमिटेड (NSDL) से मिले शासकीय अंशदान और उस पर अर्जित ब्याज की राश को भविष्य के पेंशनरी दायित्वों के भुगतान हेतु लोक लेखे के अंतर्गत पृथक निधि में रखा जाएगा। हर साल गत वर्ष के पेंशनरी दायित्वों के 4त्न के बराबर राशि पेंशन निधि में निवेशित की जाएगी।

### कर्मचारी का अंशदान GPF खाते में आएगा

**अधिसूचना के मुताबिक सरकारी कर्मचारी के अंशदान की जमा मूल राशि को छत्तीसगढ़ सामान्य भविष्य निधि खाते में अंतरित किया जाएगा। उस पर एक नवम्बर 2004 से सामान्य भविष्य निधि नियमों के अंतर्गत सरकारी निर्देशों के मुताबिक ब्याज का भुगतान होगा।**

## 310 छात्र क्यों आत्मदाह पर अड़े ?

### प्रशासन को 2 दिनों का दिया अल्टीमेटम; कलेक्टर से लगाई यह गुहार



**रायपुर।** रायपुर के एक पैरामेडिकल कॉलेज के 310 छात्रों ने एक साथ आत्मदाह करने की चेतावनी दी है। छात्रों ने प्रशासन को दो दिनों का अल्टीमेटम दिया है और कहा है कि अगर उनकी मदद नहीं की गई तो वो सभी कलेक्टर कार्यालय में आकर आत्महत्या कर लेंगे। छात्रों के द्वारा दिये गये इस अल्टीमेटम के बाद प्रशासन में हड़कंप है।

दरअसल यह पूरा मामला एक मेडिकल कॉलेज की मान्यता से जुड़ा हुआ है। शहर के सांईनाथ पैरामेडिकल कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों का कहना है कि 3 सालों में एक बार भी हमारी परीक्षा नहीं ली गई। शुरूआत में तो कोविड संक्रमण का बहाना किया गया। मगर हम सभी छात्रों ने जानकारी ली तो पता चला कि कॉलेज को किसी भी प्रकार का मान्यता नहीं मिली है। जब छात्रों को कॉलेज की मान्यता को लेकर इतनी बड़ी जानकारी मिली तब उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। 2019-20 के इस सत्र में कॉलेज में पढ़ाई करने वाले छात्र प्रेस क्लब में अपनी बात रखने पहुंचे थे।

छात्रों का आरोप था कि वो अपनी शिकायत लेकर टिकरापारा थाने में भी गए थे लेकिन वहां टीआई ने उनका आवेदन लिया ही नहीं। छात्रों का यह भी आरोप है कि कॉलेज के संचालक डॉक्टर नरेंद्र पांडेय ने उन्हें धमकियां दी हैं।

### भविष्य से खिलवाड़

*छात्रों का कहना है कि पिछले करीब 3 साल से उन्हें धोखे में रखा गया। उनसे फीस वसूली गई और अलग-अलग कॉलेजों के नाम पर रसीद दी गई है। छात्रों ने इस मामले में डॉक्टर नरेंद्र पांडेय, राहुल त्रिवेदी, मैनेजर दिव्या टंडन तथा मनीष शर्मा पर उनके साथ दगाबाजी करने का आरोप लगाया है।*

## बेटियों को अच्छे संस्कार दें जिससे वह लव जिहाद में ना फंसे- रतन यादव

**दुर्ग।** आज कुर्मी समाज की बेटी को एक मुस्लिम युवक द्वारा जो कुर्सी पार का रहने वाला है वह हिंदू नाम रखकर रायपुर संतोषी नगर आर्य समाज में विवाह करता है और एक एफिडेविट के सहारे अपने आपको हिंदू बता कर छल पूर्वक तरीके से विवाह किया जानकारी मिलते ही सनातन धर्म हिंदूवादी संगठन के लोग पहुंच गए लड़का लड़की विगत कुछ दिनों से फरार चल रहे थे।




पुलिस में माता-पिता की ओर से शिकायत की गई कि हमारी लड़की गुम हो गई है कुर्सी पार थाना ने उसे और उस लड़की को दोनों को पकड़कर थाने लाए जहां पर उन्हें एसडीएम कार्यालय में पेश किया गया खबर लगते ही बजरंग दल सहित तमाम हिंदूवादी संगठन के लोग इकट्ठा होने लगे माहौल को की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए एसडीएम कोर्ट में सुनवाई टाल दी गई और एसडीएम साब ने बिना सुनवाई किए वहां से चल दिए पुलिस प्रशासन ने हिंदूवादी संगठन के लोगों की नजर से चुरा कर के पिछले रास्ते से लड़का लड़की को कुर्सी पर थाना लेकर आगए और वहां पर भी हमारे युवा कार्यकर्ताओं ने पहुँच कर एक आवेदन प्रस्तुत किया है कि उस मुस्लिम युवक जो अपना नाम मोहित आर्य हिंदू नाम बता रहा है उसके ऊपर धर्म परिवर्तन के कानून के तहत धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज करें अन्यथा उग्र आंदोलन किया जाएगा वही रतन यादव जी ने यह भी बताया इस वक्त भारत के इस्लामीकरण के लिए बहुत बड़ा षड्यंत्र चल रहा है।

## युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**रायपुर ।** राजधानी के मुजगहन थानाक्षेत्र के डूंडा में एक युवक ने अपने कमरे में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना पर पहुंचे पुलिस आरक्षक ने दरवाजा तोड़कर शव को पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मिली जानकारी के अनुसार डूंडा इलाके के रहने वाले सचिन कलेट ने गुरूवार दोपहर को फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। युवक ने अपनी पत्नी के घर में रहते हुए दूसरे कमरे में जाकर फांसी लगा ली। पुलिस की डॉयल 112 के आरक्षकों को पॉइंट मिला कि युवक अपने कमरे का दरवाजा खोल नहीं रहा है। जिसके बाद सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को फंदे से उतारा तथा पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए आंबेडकर अस्पतला भिजवा दिया।

## रायपुर एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान राज्य सरकार का हेलीकॉप्टर क्रैश, 2 पायलट की मौत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है। रायपुर एयरपोर्ट पर हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया है, जिसमें 2 पायलटों की मौत हो गई है। लैंडिंग के वक्त यह हादसा हुआ है। राज्य सरकार का हेलीकॉप्टर अगस्ता क्रैश हुआ है। फायर ब्रिगेड और सीआईएसएफ के अफसर मौके पर मौजूद है। इस घटना में हैलीकाप्टर पूरी तरह चकनाचूर हो गया। हादसे पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शोक जताया है।




सीएम भूपेश ने जताया शोक

मिली जानकारी के मुताबिक माना स्थित स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया। हेलीकॉप्टर में पायलट एपी श्रीवास्तव और कैप्टन गोपाल कृष्ण पंडा सवार थे। टेस्टिंग के दौरान हेलीकॉप्टर क्रैश हुआ है। हादसे में को-पायलट की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरे पायलट को गंभीरावस्था में आंबेडकर अस्पताल भेजा गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। रायपुर एयरपोर्ट के निदेशक राकेश सहाय ने हादसे की पुष्टि की है। बताया जाता है कि प्रैक्टिस के बाद हेलीकॉप्टर लैंड कर रहे थे। इसी दौरान चिंगारी निकलते ही हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया। सीएम भूपेश बघेल ने ट्वीट कर कहा कि रायपुर एयरपोर्ट पर स्टेट हेलीकॉप्टर के क्रैश होने की दुखद सूचना मिली। हादसे में पायलट कैप्टन पंडा और कैप्टन श्रीवास्तव का दुखद निधन हो गया है।

### एयरपोर्ट में अफरा-तफरी का माहौल

*स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर राज्य सरकार का हेलीकॉप्टर अगस्ता लैंडिंग के वक्त दुर्घटनाग्रस्त हो गया। रनवे के अंत में हेलीकॉप्टर क्रैश हुआ है। हेलीकॉप्टर में सवार दोनों पायलट ट्रेनी बताए जा रहे हैं। प्रैक्टिस के बाद हेलीकॉप्टर लैंड कर रहे थे, उस दौरान चिंगारी निकलते ही क्रैश हो गया। इस हादसे के बाद एयरपोर्ट पर अफरा-तफरी का माहौल है। फायर ब्रिगेड की टीम और सीआईएसएफ के अधिकारी मौके पर मौजूद हैं।*

## चिरायू योजना... अब तक 18 हजार 288 बच्चों का हुआ उपचार

## राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु) बच्चों के लिए है संजीवनी

**रायपुर।** बच्चे का जन्म परिवार में खुशियां लेकर आता है । पर कभी-कभी नवजात का आगमन मां-बाप को खुशी का मौका देने के साथ ही उनके माथे पर चिंता की लकीर भी खींच देता है । जन्मजात विकृति के साथ पैदा हुए बच्चों के परिजनों को भविष्य की चिंता सताने लगती है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु योजना) के माध्यम से ऐसे बच्चों और उनके परिवारों की चिंता निःशुल्क जाँच एवं पूर्ण उपचार कर दूर की जा रही है। चिरायु योजना (राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम) के माध्यम से वर्ष 21-22 में अब तक प्रदेश में 18 हजार 288 बच्चे जो विभिन्न बीमारियों से पीड़ित थे का पूर्ण उपचार किया गया है। इस योजना ने अनेक परिवारों की परेशानी दूर करने के साथ ही पीड़ित बच्चों को नव जीवन दिया है।



**योजना के तहत जन्म से 18 वर्ष तक के बच्चों में 44 तरह की बीमारियों का होता है निःशुल्क जाँच एवं उपचार**

### होता है नि :शुल्क जाँच एवं उपचार

बिलासपुर जिले के मस्तूरी ब्लाक के ग्राम भनेशर का बालक खोशांग दिव्य पिता संजय दिव्य का जन्म सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मस्तूरी में 15 दिसम्बर 2015 को हुआ था। बच्चे का जन्म से हृदय रोग से पीड़ित होने के कारण माता पिता द्वारा बच्चे का कई बड़े अस्पतालों में ईलाज करने का हर संभव प्रयास किया गया लेकिन बच्चे के दिल में बड़े छेद (VSD) होने की वजह से आपरेशन जटिल था और सर्जरी छत्तीसगढ़ में संभव नहीं थी।



मस्तूरी ब्लाक के चिरायु दल द्वारा बच्चे की जानकारी होने पर घर जाकर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, दल द्वारा बच्चे की उच्च स्तरीय जाँच हेतु बिलासपुर रिफर किया गया। केस की जटिलता को देखते हुए डाक्टरों के दल द्वारा खोशांग को उच्च स्तरीय उपचार हेतु चिरायु में अनुबंधित अस्पताल अपोलो चिल्ड्रेन हॉस्पिटल,चेन्नई रिफर किया गया। प्रदेश के बाहर डॉक्टरों के दल द्वारा रिफर अस्पताल में बच्चे के ईलाज हेतु चिरायु योजना के मध्यम से आवश्यक कार्यवाही कर उपचार की व्यवस्था की गई। खोशांग का पहला आपरेशन जुलाई वर्ष 2016 में एवं दूसरा आपरेशन वर्ष 2019 में किया गया।

## छत्तीसगढ़ से कौन बनेगा राज्यसभा सांसद

### दावेदारों में लॉबिंग शुरू, रामविचार और छाया वर्मा का जून में खत्म हो रहा कार्यकाल

**रायपुर।** भारत निर्वाचन आयोग ने राज्यसभा की 57 सीटों पर चुनाव की घोषणा कर दी है, जिसमें छत्तीसगढ़ की 2 सीटें भी शामिल हैं। भाजपा के रामविचार नेताम और कांग्रेस की छाया वर्मा का कार्यकाल 29 जून को समाप्त हो रहा है। चुनाव की अधिसूचना 24 मई को जारी की जाएगी। राज्यसभा के लिए 31 मई तक नामांकन दाखिल किया जा सकेगा। 1 जून को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 2 जून तक उम्मीदवार को नामांकन पत्र वापस लेने का मौका दिया जाएगा। 10 जून को राज्यसभा के लिए मतदान कराया जाएगा। मतदान सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। 10 जून को ही परिणाम जारी किए जाएंगे।



बता दें कि छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत राज्यसभा जाने की इच्छा जता चुके हैं। डॉ. महंत ने कहा था कि मैं विधानसभा और लोकसभा जा चुका हूं। 11 बार चुनाव लड़ चुका हूं। ऐसे मैं राज्यसभा में एक बार सेवा करना चाहता हूं। यह मैं आज करूं या 5 साल बाद करूं यह अलग बात है। 90 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस के 71 विधायक हैं। ऐसे में दोनों सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत तय मानी जा रही है। चुनाव की घोषणा होते ही अब राज्यसभा जाने के दावेदारों की लॉबिंग शुरू हो गई है। कौन राज्यसभा जाएगा इसका अंतिम फैसला सीएम भूपेश बघेल को ही लेना है।

# समान नागरिक संहिता और 2024 के चुनावः आखिर कितना प्रभावी रहेगा ये मुद्दा ?

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हाल ही में सम्पन्न विधानसभा के चुनाव में जब राज्य में समान नागरिक संहिता लागू करने की घोषणा की तो लग रहा था कि उन्होंने गलतफहमी में मतदाताओं को रिझाने के लिए यह घोषणा कर डाली। लेकिन चुनाव के बाद भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने जब एक के बाद एक यही राग अलापना शुरू किया तो अब लग रहा है कि यह घोषणा संविधान के बारे में अल्पज्ञान की उपज नहीं बल्कि भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व की एक सुनियोजित रणनीति का हिस्सा ही है जो कि 2024 के आम चुनाव के लिये तैयार की गई है।

मोदी सरकार के कार्यकाल में जनसंघ से लेकर भाजपा तक के मूल मुद्दों में अब केवल यही मुद्दा हल करने के लिए शेष रह गया है।

भारत की सत्ता में पूरी तरह जड़ जमाने के बाद मोदी-शाह द्वय ने जनसंघ से लेकर भाजपा तक के मूल मुद्दों में शामिल धारा 370 हटा दी। अदालत से ही सही मगर राम मंदिर का निर्माण भी शुरू करा दिया। इस बीच तीन तलाक और नागरिकता कानून भी पास करा दिए। इसलिए मोदी सरकार के पास अब भाजपा का समान नागरिक संहिता के अलावा कोई अन्य प्रमुख मुद्दा शेष नहीं रह गया है। जाहिर है अब ये लगता है कि जिस तरह जवाहर लाल नेहरू ने 1951-52 का आम चुनाव हिन्दू नागरिक संहिता के नाम पर लड़ा था, उसी तरह नरेन्द्र मोदी भी एक देश एक कानून के नारे के साथ समान नागरिक संहिता के नाम पर अगला चुनाव लड़ना चाहते हैं।

देश में महंगाई, बेरोजगारी और देश की आर्थिकी जैसे कई मुद्दे वर्तमान सरकार के खिलाफ जा सकते हैं, इसलिए इन मुद्दों को लेकर विपक्ष के इरादों को रौंदने के लिए समान नागरिक संहिता से बड़ा बुल्डोजर कोई और नहीं हो सकता। चूंकि हिन्दुओं के साथ ही सिख, जैन और बौद्धों के लिए नागरिक संहिता 1955 और 1956 में ही बन चुकी है। अब केवल मुसलमानों का 1937 का पर्सनल लॉ शेष है जबकि इसमें अन्य प्रावधानों के साथ ही मुसलमान पुरुष को 4 तक शादियां करने की छूट है। विविधता में एकता समाये भारत में एक देश एक कानून की बात करना तो अच्छा लगता है मगर यह व्यावहारिक नहीं है। सरकार ने भले ही अनुच्छेद 370 का 35 ए समाप्त कर दिया मगर अभी भी अनुच्छेद 371 के विभिन्न स्वरूप मौजूद है। इसी तरह जनजातियों को हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 की धारा 2 की उपधारा 2 से बाहर किया गया है। अब सवाल उठता है कि अगर मुसलमानों का 1937 का वैयक्तिक कानून बदल कर हिन्दू विवाह अधिनियम के समरूप किया जाता है तो क्या सरकार जनजातियों के लिए संविधान से मिली उनकी परम्पराओं की गारंटी वापस ले सकेगी?




*उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हाल ही में सम्पन्न विधानसभा के चुनाव में जब राज्य में समान नागरिक संहिता लागू करने की घोषणा की तो लग रहा था कि उन्होंने गलतफहमी में मतदाताओं को रिझाने के लिए यह घोषणा कर डाली। सवाल यह है कि विविधता में एकता समाए भारत में एक देश एक कानून की बात करना आखिर कितना व्यावहारिक है?*

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 के अनुसार, सभी व्यक्तियों को अंत:करण की स्वतंत्रता, धर्म को अबाध रूप से मानने, आचरण करने और प्रचार करने का सामान अधिकार होगा।

समान नागरिक संहिता के लिए अक्सर गोवा राज्य का उदाहरण दिया जाता रहा है। जबकि हकीकत यह है कि वहां यह व्यवस्था पिछले 155 सालों से लागू है। गोवा के भारत संघ में विलय के बाद भारत की संसद ने इसे जारी रखा है। यह व्यवस्था गोवा के साथ ही दमन और दियू द्वीप समूहों में भी लागू है।

चूंकि गोवा 450 सालों तक पुर्तगाल का उपनिवेश रहा है और वहां लागू समान नागरिक संहिता वाला पुर्तगाली कानून सन् 1867 से ही ''द पोर्टगीज सिविल कोड 1867'' के नाम से लागू था। भारत की आजादी के काफी समय बाद 19 दिसंबर 1961 को, भारतीय सेना ने गोवा, दमन, दीव के भारतीय संघ में विलय के लिए ऑपरेशन विजय के साथ सैन्य संचालन किया और इसके परिणाम स्वरूप गोवा, दमन और दीव भारत का एक केन्द्र प्रशासित क्षेत्र बना।

30 मई 1987 को इस केंद्र शासित प्रदेश को विभाजित कर गोवा भारत का पच्चीसवां राज्य बनाया गया। गोवा के अधिग्रहण के साथ ही उसके प्रशासन के लिए भारत की संसद के द्वारा ''द गोवा दमन एंड दियू (प्रशासन) अधिनियम 1962 बना, जिसकी धारा 5 में व्यवस्था दी गयी कि वहां निर्धारित तिथि (अप्वाइंटेड डे) से पूर्व के वे सभी कानून तब तक जारी रहेंगे जब तक उन्हें सक्षम विधायिका द्वारा निरस्त या संशोधित नहीं किया जाता। प्रकार इसमें राज्य सरकार की कोई भूमिका नहीं रही।

वास्तव में नीति निर्देशक तत्वों के तहत एक देश एक कानून, केवल आदर्श राज्य (देश) की अवधारणा मात्र नहीं बल्कि यह समानता के मौलिक अधिकार का मामला भी है। संविधान में अनुच्छेद 14 से लेकर 18 तक समानता के मौलिक अधिकार की विभिन्न परिस्थितियों का विवरण दिया गया है। इन प्रावधानों में कहा गया है कि भारत 'राज्य' क्षेत्र में राज्य किसी नागरिक के विरुद्ध धर्म, मूल, वंश, जाति और लिंग के आधार पर भेदभाव नहीं करेगा। लेकिन इन्हीं मौलिक अधिकारों में धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार भी है जिसका वर्णन अनुच्छेद 25 से लेकर 28 तक में किया गया है।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 के अनुसार, सभी व्यक्तियों को अंत:करण की स्वतंत्रता, धर्म को अबाध रूप से मानने, आचरण करने और प्रचार करने का सामान अधिकार होगा।

जयसिंह रावत

## संपादकीय

### रूसी तेल के बिना

गैस का भारी इस्तेमाल करने वाले देश मसलन जर्मनी का कहना है कि तुरंत गैस की सप्लाई रोकने से नौकरियां जाएंगी, क्योंकि उद्योग संघ कांच और धातु से जुड़े कारोबार तुरंत बंद होने की चेतावनी दे रहे हैं। यूरोप में मंदी की आशंका जताई जा रही है।

यूरोप रूसी तेल का आयात धीरे धीरे बंद करने वाला है। यूरोपियन यूनियन की इस घोषणा के बाद से इस बारे में कयास लगाए जा रहे हैं कि इस कदम का नतीजा क्या होगा। गौरतलब है कि यूरोपीय संघ ने छह महीने में रूसी तेल के आयात को धीरे-धीरे खत्म करने की योजना पेश की है। यूरोप हर दिन ऊर्जा आयात के बदले 85 करोड़ अमेरिकी डॉलर का भुगतान रूस को करता है, जिसे खत्म करने की कोशिश की जा रही है। गौरतलब है कि कई दशकों से रूसी तेल और गैस पर निर्भर 27 देशों के यूरोपीय संघ के लिए ये निर्भरता खत्म करना इतना आसान नहीं है। सबसे पहली बात तो यही है कि यूरोपीय देशों में ही इसे लेकर पूरी एकता नहीं है। हंगरी और स्लोवाकिया ने कह दिया है कि वे बॉयकाट का साथ नहीं देंगे। जमीनी सीमाओं से घिरे ये दोनों देश रूसी तेल का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल करते हैं। यह भी गौरतलब है कि यूक्रेन युद्ध का भारी विरोध करने के बावजूद रूसी तेल और गैस का यूरोपीय देशों में बहाव जारी है।

यूरोपीय संघ हर दिन तेल के लिए 45 करोड़ डॉलर और गैस के लिए 40 करोड़ डॉलर रूस को दे रहा है। जाहिर है कि ऊर्जा से होने वाली कमाई रूस के बजट को मजबूती दे रही है। इससे उसका विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ रहा है, जिससे उसकी मुद्रा रुबल को बड़ा सहारा मिला है।

## युद्धरत समाज ताकतवर नहीं हो सकता, अपराजेय राष्ट्र के निर्माण को अवरुद्ध करने वाली खौफनाक तस्वीर

हाल ही में अमर उजाला में छपी कुछ रिपोर्ट्स सशक्त, अपराजेय राष्ट्र के निर्माण को अवरुद्ध करने वाली खौफनाक तस्वीर पेश करती हैं। पिछले 25 अप्रैल को बुलंदशहर (पश्चिमी उत्तर प्रदेश) के गड़ाना गांव में गौरव नामक एक दलित युवक की घुड़चढ़ी को सुरक्षा प्रदान करने के लिए दो एसएचओ, आठ उपनिरीक्षकों और तीन थानों की पुलिस को जुटना पड़ा।

गौरव ने एसएसपी से लिखित शिकायत की थी। एसएसपी को याद दिलाया गया, आठ महीने पहले इसी गांव में घुड़चढ़ी पर हुई हिंसा में एक व्यक्ति की जान चली गई थी; जुलाई, 2021 के बाद गांव में करीब दस शादियां हुईं, जिनमें बारात की चढ़त या घुड़चढ़ी नहीं करने दी गई।

गौरव का असली परिचय जान लीजिए। वह सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स के सिपाही हैं। वही सीआरपीएफ, जिसके सैकड़ों जवान कश्मीर में आतंकवाद से लड़ते हुए शहीद हो चुके हैं। पुलवामा में चालीस जवानों की नृशंस हत्या तो यह देश कभी भूल ही नहीं सकता। चार मई को अल्मोड़ा के एक गांव में अनुसूचित जाति के दूल्हे को बलपूर्वक घोड़े से उतार दिया गया। आसपास के गांवों में तनाव फैल जाने के बाद छह लोगों पर केस दर्ज हुआ। उत्तराखंड अनुसूचित जाति आयोग ने घटना का संज्ञान लिया।



हिंसा :

**सुप्रीम कोर्ट के सामने कई अहम सांविधानिक वाद हैं। फैसले के लिए अनिश्चित काल तक इंतजार मजबूरी है। अगर किसी हाई कोर्ट को लंबी सुनवाई के बाद अंतरधार्मिक दंपति को सुरक्षा देने के लिए पुलिस को आदेश देना पड़े, तो इसका अर्थ यह है कि पुलिस ने अपनी सामान्य ड्यूटी नहीं की, जिससे कोर्ट का समय नष्ट हुआ। भारत का कानून धर्म और जाति की सीमाओं से आगे दो वयस्कों को विवाह की अनुमति देता है।**

डीएम और एसएसपी ने स्थानीय प्रशासन से रिपोर्ट मांगी। प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार, अभी अदालती कार्यवाही शुरू नहीं हुई है। अल्मोड़ा के ही कफलटा गांव चलते हैं। बयालीस साल पहले दलित दूल्हा डोली से जा रहा था। एक खास इलाके में पहुंचने के बाद लठैतों ने बारात रोक कर फरमान सुनाया, दूल्हा पैदल चले, डोली में बैठकर नहीं जाने देंगे। इस पर हुई हिंसा में चौदह दलित मारे गए थे; छह को जिंदा जला दिया गया था। मृतकों में कुमाऊं रेजिमेंट का एक सैनिक भी था।

इंदिरा गांधी के पीएमओ को जानकारी पहले मिली थी, एसडीएम को बाद में। केस सत्तरह साल चला। तब तक तीन अभियुक्तों की मौत हो चुकी थी। न्यायिक प्रक्रिया में इतना विलंब। गौर करें, बयालीस साल में भारत विभिन्न क्षेत्रों में जितना बदला, जमीनी स्तर पर सामाजिक बदलाव उस अनुपात में नहीं आया। पंडित मदन मोहन मालवीय द्वारा स्थापित राष्ट्रीय संस्था, बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी में 29 अप्रैल की घटना ने शर्मसार कर दिया। कुलपति डॉ. सुधीर कुमार जैन और रेक्टर डा. वी.के. शुक्ल की देखरेख में रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया था।

कुछ प्रदर्शनकारी वहां जाकर हनुमान चालीसा का पाठ करने लगे, कुलपति के आवास पर प्रदर्शन हुआ और उनका पुतला फूंका गया। जनसंपर्क अधिकारी डॉ. राजेश सिंह ने स्पष्टीकरण दिया कि बीएचयू के महिला महाविद्यालय में रोजा इफ्तार की परंपरा रही है। नोट कीजिए, राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शिक्षा मंत्रालय की अनुशंसा पर इसी साल सात जनवरी को कुलपति डॉ. जैन को नियुक्त किया था। इससे भी अधिक चिंताजनक एक और घटना हुई। ऊंचे मनोबल और राष्ट्र की रक्षा के अटल संकल्प की तरह भारतीय सेना की एक ताकत यह भी है कि वह भारतीय राष्ट्र-राज्य एवं संविधान की आत्मा का पूर्ण प्रतिबिंबन करते हुए धर्म और जाति पर आधारित आग्रह-दुराग्रह से सर्वथा मुक्त है।

प्रदीप कुमार

## मिला जुला

# ग्राम दाढी एवं जांता में अंजोर रथ ने ग्रामीणों को नेशनल लोक अदालत

**सायबर क्राईम, यातायात नियम के संबंध में किया जागरूक और अपराध के प्रति सजग रहने का दिया संदेश**

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन एवं अति पुलिस अधीक्षक बेमेतरा पंकज पटेल एवं डीएसपी कमल नारायण शर्मा एवं निरीक्षक हरप्रसाद पाण्डेय के मार्गदर्शन में 11मई 2022 दिन मंगलवार को अंजोर रथ के माध्यम से थाना दाढी एवं यातायात पुलिस स्टाफ द्वारा ग्राम दाढी एवं जांता में आस . पास के ग्रामीण अंचल से आये आम नागरिकगणों को जागरूक किया। तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सत्र न्यायालय बेमेतरा के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय बेमेतरा में 14 मई 2022 को नेशनल लोक अदालत का आयोजित किया जाकर राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारो की आपसी सुलह समझौता से निराकृत किये जाने है। जिसमें आमजनो को लोक अदालत के संबंध में जानकारी देते हुए, अपने लंबित प्रकरणों को राजीनामा के माध्यम से निकाल करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही मोबाईल एवं आनलाईन से होने वाले धोखाधड़ी से सावधान रहने एवं सायबर क्राईम, चिटफ ण्ड कंपनी के झांसा में न आने के संबंध में बताया गया। तथा वाहन चलाते समय मोबाईल का प्रयोग न करने, दुपहिया वाहन में तीन सवारी न बैठाने, वाहन चालको को हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग करने, अपने वाहन के कागजात हमेशा पूर्ण रखने, वाहन गति सीमा में ही चलाने तथा वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट लगाने की आवश्यकता को बताया गया। किसी भी तरह की संदेह होने पर तत्काल पुलिस को इसकी जानकारी दें। पुलिस आपकी सहायता के लिए ही है और आप पुलिस को अपना मित्र ही समझे आपकी थोड़ी सी सजगता से कई गंभीर अपराध होने से बच सकता है। उक्त संबंध में बेनर पोस्टर, पाम्पलेट के माध्यम से आमजन को जगरूक किया गया। बेमेतरा पुलिस के द्वारा तैयार किया गया ये अंजोर रथ के माध्यम से लगातार गांव-गांव में जाकर जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर थाना दाढी पुलिस आरक्षक ओंकार निर्मलकर, हिराचंद गेन्ड्रे एवं यातायात पुलिस बेमेतरा आरक्षक विकास मिश्रा, भुपेन्द्र सिंह राजपूत एवं आस-पास के ग्रामीण अंचल से आये आम नागरिकगण उपस्थित थे।




## पिथौरा पुलिस उठाईगिरी के आरोपियों की तलाश में परेशान

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

पिथौरा नगर के लहरौद स्थित कर्मचारी कालोनी कल दिनदहाड़े 9.20 लाख की हुई उठाईगिरी के मामले में 24 घंटे के बाद भी पुलिस के हाथ कोई सुराग नहीं लगा है। पिथौरा पुलिस पूर्व में भी उक्त कालोनी में दिनदहाड़े हुई चोरियों का अब तक खुलासा नहीं कर पाई है। हालाकि पुलिस की तीन टीमें अलग.अलग क्षेत्रों में पड़ताल करते हुये आरोपियों की पतासाजी कर रही है। ज्ञात हो कि नगर के मुहाने स्थित लहरौद का कर्मचारी कॉलोनी अपराधों का गढ़ बन गया है।यहां के निवासी हमेशा डरे सहमे अपना जीवन व्यतीत कर रहे है। बुधवार को एक राइस मिल संचालक के घर मे खड़ी लॉक कार का दिनदहाड़े कांच तोड़ कर कोई 9 लाख 20 हजार रुपये अज्ञात उठाईगीर ले भागे थे। इस मामले में जिला पुलिस अधीक्षक स्वयम घटना स्थल पहुचे थे। इसके बावजूद घटना के 24 घण्टे बाद भी अब तक पुलिस आरोपियों का सुराग तक नहीं लगा पाई है।उक्त कॉलोनी के अलावा नगर के मुख्य मार्ग चौक चौराहों में लगातार असामाजिक लोगो का जमावड़ा भी लग रहा है। मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार बाइकर्स का आतंक, बड़े सटोरियों द्वारा आसानी से प्रतिदिन लाखो का सट्टा लगाया जा रहा है। जो कि अब पिथौरा पुलिस के नियन्त्रण के बाहर हो गया है।लिहाजा अब लोग पुलिस में शिकायत करना भी उचित नहीं समझते।

### कालोनी में चोरी की सातवी वारदात

कल जिस स्थान पर उठाईगिरी की घटना को अंजाम दिया गया है इसी के आस-पास अब तक कोई सात चोरी की घटनाएं दिनदहाड़े घटित हो चुकी है।इनमे पुलिस एक भी मामले का खुलासा नही कर पाई परन्तु एक चोरी के मामले में इस कॉलोनी के निवासी पत्रकार रमेश सिन्हा ने आरोपी को अपनी जान पर खेलकर पकड़ा था और पुलिस के हवाले कर दिया था।

### एक नजर

सफलता की कहानी

## राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना से हितग्राही हो रहे लाभान्वित

आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सरकार कर रही आर्थिक मदद-अनिल

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

प्रदेश सरकार निरंतर आम नागरिकों को आर्थिक लाभ पहुंचाने के लिए लोक कल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही है। जिसमें कृषक वर्ग, श्रमिक, वनवासी परिवारों सभी के हित शामिल है। प्रदेश के भूमिहीन श्रमिकों, पौनी पसारी व्यवसाय से जुड़े परिवारों को लाभ देने के लिए राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना का प्रारंभ किया है। जिसके अंतर्गत भूमिहीन कृषि मजदूर परिवारों को आर्थिक मदद प्रदान कर उनके स्थिति को सुदृढ़ करने का कार्य किया जा रहा है। योजना से लाभांवित हुए जिले के जशपुर जनपद के गम्हरिया पंचायत निवासी अनिल कुमार मांझी का कहना है कि भूमिहीन मजदूर परिवारों के लिए प्रदेश सरकार ने बहुत ही सराहनीय योजना प्रारंभ की है। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए सहारा बनी है। इससे उन्हें आर्थिक लाभ मिल रहा है। हितग्राही ने बताया कि उन्हें योजना के तहत दूसरी किस्त के रूप में 2 हजार रुपए प्राप्त हुए है। उन्होंने बताया कि उनके परिवार में उनके माता.पिता सहित कुल 7 सदस्य है। उनके माता पिता बुजुर्ग होने के साथ ही शारीरिक रूप से कमजोर भी हो चुके है। परिवार के मुखिया होने के कारण परिवार के भरण पोषण करना एवं उनकी जरूरतों का ख्याल रखना उनकी जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि उनके पास कोई कृषि भूमि नहीं है। वे अपने परिवार के जीवनयापन के लिए प्रतिदिन ठेला में खाद्य पदार्थ का विक्रय कर करते है। हितग्राही अनिल कहते है कि इस योजना से उन्हें अतिरिक्त आय की प्राप्ति हो रही है जिसका उपयोग वे अपने परिवार की जरूरतों को पूरा करने में करते है। उन्होंने प्रदेश सरकार को राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषक मजदूर न्याय योजना प्रारंभ करने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि इस योजना से उनके परिवार को आर्थिक लाभ मिल रहा है। जिसका निश्चित रूप से लाभ भूमिहीन लोगों को मिल रहा है।



## विधायक जशपुर व कलेक्टर की उपस्थिति में मनोरा में खण्ड स्तरीय जन चौपाल का हुआ आयोजन

शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं-विधायक भगत

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

विधायक जशपुर विनय भगत एवं कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में आज मनोरा जनपद में खण्ड स्तरीय जन चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक भगत एवं कलेक्टर अग्रवाल द्वारा उपस्थित सभी ग्रामीणों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के सम्बंध में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि शासन निरंतर लोगों की परेशानियों को दूर करने एवं उन्हें आगे बढ़ाने के लिए अनेक कल्याणकारी योजना संचालित की जा रही है। जिससे समाज के हर वर्ग का व्यक्ति योजना से लाभान्वित हो सके। उन्होंने सभी ग्रामीणों को शासन की योजनाओं से जुड़कर लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।




इस दौरान विधायक एवं कलेक्टर द्वारा ग्रामीणों से उनकी समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा की गई एवं ग्रामीणों की परेशानियों को गंभीरता से सुना गया। उन्होंने ग्रामीणों के पेयजल, विभिन्न प्रकार के पेंशन भुगतान, राजस्व प्रकरण जैसे अन्य समस्याओं के त्वरित निराकरण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर कृषि, पशुपालन, मत्स्य, उद्यानिकी सहित अनेक विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के लिए स्टॉल लगाया गया। जहां ग्रामीणों की समस्याओं का प्राथमिकता से सुनते हुए उन्हें योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान कर योजना का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जनपद सीईओ अनिल तिवारी, सुरज चौरसिया सहित जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के खण्ड स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

सफलता की कहानी

## 542 हमर पारा हमर क्लीनिक लगाकर 9267 लोगों को लाभान्वित किया गया

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

स्वास्थ्य विभाग के द्वारा पारा, टोला, मोहल्ला में सप्ताह में एक दिन लोगों को स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से जिले में हमर पारा हमर क्लीनिक योजना का प्रारंभ किया गया है। मई माह प्रथम सप्ताह में कुल 542 क्लीनिक का आयोजन कर 9267 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक औषधि वितरित किया गया। योजना के तहत् विकासखण्ड फ रसाबहार के ग्राम बनगांव के जंगलटोली मोहल्ला में गुरुवार को हमर पारा हमर क्लीनिक लगाया गया। जिसमें ईश्वरी भगत उम्र 32 वर्ष को भी लाभान्वित किया गया है। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए छत्तीसगढ़ शासन और जिला प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि हमारे पारा में प्रत्येक गुरूवार को हमर पारा हमर क्लीनिक लगाया जाता है। इस गुरुवार को भी स्वास्थ्य कार्यकर्ता नीलाम्बर साय एवं संगीता सिंह के द्वारा क्लीनिक लगाया गया। जिसमें लोगों को ब्लड प्रेशर, शुगर का जांच किया गया और उन्हें हाथ पैर में दर्द होने से जांच करके दवाईयां दी गई। पारा टोला में ही प्रत्येक सप्ताह क्लीनिक लगने से लोगों समय की बचत हो रही है काम की अधिकता से छोटी-छोटी स्वास्थ्यगत परेशानियों के लिये अस्पताल नहीं जा पाते थे। अब आसानी से ईलाज हो जा रहा है। उन्होंने बताया कि पारा के अधिक से अधिक लोग स्वास्थ्य जांच एवं नि:शुल्क दवाइयां प्राप्त कर रहे है यह योजना दूर-दराज में रहने वाले लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी है।







# लक्ष्य चार हजार अब तक केवल 6 सौ हेक्टेयर फसल परिवर्तन

## किसान नहीं दिखा रहे रूचि * पचास से अधिक कर्मचारी लगे काम पर फिर भी माहभर में 20 प्रतिशत भी नहीं हो सका परिवर्तन

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।

राज्य शासन के निर्देश को माहभर बीत गये स्थानीय प्रशासन को फसल परिवर्तन के लक्ष्य को पूरा करना था। अप्रैल 15 से कृषि विभाग इस काम पर लग गया है परिवर्तन कराने को माहभर हो गये इन माहभर मे लगभग दो सौ किसानों के मात्र 6 सौ हेक्टेयर कृषि भूमि परिवर्तन कराने के लिये आवेदन लिये जा सके है कृषि विभाग और सहकारी समितियो के सामने चार हजार सात सौ साठ का लक्ष्य रखा गया है और इसको कम समय में पूरा कर देना है। सीएम के संभावित दौरे को लेकर हर दिन जिले के कोई ना कोई अफसर देवभोग पहुंचकर फसल परिवर्तन का जायजा ले रहे हैं और हर हालत में इसे सीएम दौरे से पहले कम्पिलिट कराने को स्थानीय अफसरों के साथ बैठक कर रहे हैं।



### मक्के के साथ दस हजार से अधिक हेक्टेयर कृषि भूमि होंगे फसल परिवर्तन

सरकारी आंकड़ों की माने तो देवभोग ब्लाक के आठ और मैनपुर के चार समितियो को मिलाकर लगभग 20 हजार हेक्टेयर भूमि पर धान बोता पाया गया है वही पांच हजार टीकरा और पड़त भूमि पर पिछले दस वर्षो से मक्के की खेती हो रही है पिछले वर्ष के गिरदावरी की माने तो केवल दो हजार हेक्टेयर पर मक्के की खेती हो रही है इसके साथ विभाग और समिति के सामने चार हजार सात सौ साठ नये फसल परिवर्तन कराने का लक्ष्य है इस प्रकार ब्लाक भर में दस हजार से अधिक कृषि भूमि में फसल परिवर्तन कराने होंगे।

### पचास से अधिक कर्मी

### काम पर लगे लेकिन किसान नहीं दिखा रहे रूचि

फसल परिवर्तन के लिये समय कम है ऐसे में जिला प्रशासन ने 5 स्टाप वाले कृषि विभाग देवभोग को राहत पहुंचाने जिला से सात कर्मचारी भेजे है इस प्रकार कृषि विभाग के पांच राजस्व विभाग के 15 पटवारी, 30 किसान मित्र और समितियो के आपरेटरों को मिलाकर पचास से अधिक कर्मचारी फसल परिवर्तन पर कार्य कर रहे हैं। पर किसानों में रूचि नहीं दिख रहा है इसलये प्रतिदिन फसल परिवर्तन के आकड़े सिर्फ 5 से 6 हेक्टेयर का ही हो पा रहा है। उधर किसानों का कहना है सरकार फसल परिवर्तन क्यो करा रही है यह उनके समझ से बहार है। इधर ड्युटी पर तैनात ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी गांव तक पहुंचकर समझाने का प्रयास कर रहे है।

### समितियों ने भी भरे आवेदन का अब तक नहीं किया पंजीयन

फसल परिवर्तन को लेकर कृषि विभाग को गांव तक प्रचार प्रसार करना है समितियों में बैठकर वहां के किसानों के आवेदन भरवाने है और इन भरे गये आवेदनों को समितियों को सौंपना रहता है कार्य पर लगे कृषि विभाग के कर्मचारियों ने




अब तक दो सौ किसानो के 6 सौ हेक्टेयर भूमि का फसल परिवर्तन आवेदन लेकर समितियों को सौंप दिया है मगर समितियां इन आवेदनों का आनलाइन पंजीयन नहीं करा सकी है। जिला प्रशासन के लगातार दबाव के कारण सतिति और कृषि विभाग मे द्वन्द छिड़ गया है ऊपर दोनों अपने अपने बचाव पक्ष रख रहे है और एक दूसरे पर आरोप बढ़ रहे हैं।

### कृषि ऋण पर लगा विराम किसान हैं परेशान

समितियो में कृषि लोन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी थी फसल परिवर्तन के आदश के बाद लोन स्वीकृति पर विराम लग गया जिसे लेकर किसान परेशान है कुम्डहई, निष्टीगुडा,सेंदमुडा सहित दर्जन भर सिंचित गांव के किसानों का कहना है जो बहारा जमीन है उसमे कैसे फसल परिवर्तन करे। उधर लोन को लेकर किसान समितियों के चक्कर काट रहे हैं। समितियों का कहना है जब तक फसल परिवर्तन की प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती तब तक किसानों को कृषि लोन की पात्रता नहीं होगी।

# अपनी जिमनेदारी का निर्वहन गंभीरता से पूर्ण करें, जिससे अपना बूथ सबसे मजबूत हो सके : डीपेंद्र साहू

**धमतरी ।** श्रध्देय कुशाभाऊ ठाकरे जी के जन्मशताब्दी अवसर पर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के आव्हान पर धमतरी भाजपा भोथली मंडल शक्ति केंद्र कंडेल बूथ क्र.85 मे कार्ययोजना विस्तार के संबंध में बूथ विस्तारक डीपेंद्र साहू, भाजपा कार्यकर्ता फलेश साहू, साइबर विस्तारक डोमेश्वर साहू की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। विस्तारक डीपेंद्र साहू ने बुथ अध्यक्ष बुथ पालक एवं कार्यकर्ताओं से कहा कि जो भी कार्य आरंभ करो, उसे गंभीरता से पूर्ण करो और तब तक संतुष्ट ना हो जब तक आप अपना सर्वश्रेष्ठ ना दे दो, क्योंकि हमारा सिद्धांत भारतीय जनता पार्टी को अपना सर्वश्रेष्ठ देना है, प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता प्रत्येक घर पर जाकर भारतीय जनता पार्टी के गतिविधियों, सिद्धांतों को विस्तृत जानकारी देते हुए उन्हें भारतीय जनता पार्टी से जुड़ने के लिए प्रेरित करें, जिससे हमारा बुथ मजबूत होगा, क्योंकि बुथ के मजबूत होने से शक्ति केंद्र व मंडल मजबूत होगा। यह कड़ी एक दूसरे से निरंतर जुड़े हुई होती है, इसीलिए अपना बूथ सबसे मजबूत कर सिद्धांत ही सर्वोपरि है। उक्त बैठक में बूथ अध्यक्ष भीखम सिन्हा, सचिव इंदल साहू, बीएलए दो के प्रभारी बाबुलाल साहू , युवा प्रभारी रविकांत, महिला प्रभारी जानकी साहू, कोमेंद्र साहू, लोकेंद्र ढिमर, घनश्याम साहू, भैया राम साहू, होला राम निर्मलकर, नुरेंद्र साहू, शत्रुघन सिन्हा, गुलजारी साहू, सत्यजीत साहू, अवध राम साहू, रोशन निर्मलकर, भुनेश्वरी सिन्हा पंच, कोमल साहू पंच उपस्थित रहे।

# पंचगव्य खाद का प्रयोग कर एक एकड़ में 25 क्विंटल श्री राम धान का लिया उत्पादन'

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

धान के फसल में बढ़ते लागत से किसान परेशान हैं धान की पैदावार बढ़ाने के लिए रसायनिक खादों का अत्याधुनिक प्रयोग जल, जमीन और पर्यावरण जीव जन्तु के लिए अहितकर है इसलिए गौ आधारित प्राकृतिक खेती का विस्तार करना अति आवश्यक है छत्तीसगढ़ देश का पहला ऐसा राज्य है जहां पर पारंपरिक तरीके से खेती करने के शासन द्वारा गोबर और गोमूत्र की खरीदी की जा रही हैं। छत्तीसगढ़ राज्य के बेमेतरा जिले के नगर पंचायत नवागढ़ के युवा किसान किशोर कुमार राजपूत ने पंचगव्य खाद का प्रयोग कर एक एकड़ में श्री राम धान की 25 क्विंटल पैदावार ली है। पंचगव्य से पानी व



खाद की कम मात्रा से भी अधिक लाभ कमाया जा सकता है। किशोर राजपूत ने बताया कि पंचगव्य खाद को अपना कर पैदावार में क्रांतिकारी परिवर्तन लाया जा सकता है। पंचगव्य से धान की खेती करने के लिए एक एकड़ में दो किलो बीज उपयोग होता है। 10-12 दिन की पौधें की कटाई कर रोपाई की जाती है। इससे पौधे की फुटाव शक्ति सामान्य से दो से तीन गुणी अधिक होती है। पौधे से पौधे की दूरी 8 वर्ग इंच के फासले पर लगाया जाता है। उन्होंने बताया कि रोपाई के बाद एक सप्ताह में एक हल्का पानी और पंचगव्य खाद की सिंचाई की जाती है।10 लीटर पानी में 250 ग्राम पंचगव्य मिलाकर छिड़काव करना चाहिए इस खाद से पौधे के कंसे से 50 से 55 शाखाओं पर बालियां निकलती हैं। जो सामान्य धान की रोपाई से दोगुनी बालियों से अधिक होती हैं। इस खाद से 25 क्विंटल तक धान की पैदावार ली जा चुकी है। किशोर राजपूत ने बताया कि सामान्य तरीके से रोपाई किए गई धान की फसल में 35 किलो प्रति एकड़ बीज, 50 किलो डीएपी, 50 किलो यूरिया खाद व कई प्रकार की कीटनाशक का प्रयोग किया जाता है और पैदावार 20 से 25 क्विंटल होती है जबकि पंचगव्य की खाद से आधा खर्च होता है और दाने की गुणवता ज्यादा व पैदावार ढाई गुणा अधिक होती है। यह प्राकृतिक खाद किसान की आर्थिक स्थिति में क्रांतिकारी बदलाव लाने में मददगार होगी व घटते भूजल तथा रासायनिक खाद की कम मात्रा से कम खर्च में अधिक पैदावार होगी।

# पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने पुलिस अधिकारियों की ली बैठक, थाना स्तर पर पुलिस कार्य प्रणाली को मजबूत करने के दिये निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

जिले के थाना चौकी स्तर पर पुलिस कार्य प्रणाली, कानून एवं शांति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, पुलिस अधिकारियों के कार्य निष्पादन की क्षमता में बढ़ोत्तरी एवं तकनीकी वैज्ञानिक अनुसंधान के साथ बेहतर पुलिसिंग करने तथा आमजनों के लिए सुविधाओं एवं उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण को लेकर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर रामकृष्ण साहू ने बुधवार, 11 मई 2022 को जिला पुलिस कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के एसआई व एएसआई की बैठक ली। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों के थाना चौकी स्तर पर किए जाने वाले कार्यो की समीक्षा करते हुए थानों के कार्यो को सुदृढ़ बनाने को



लेकर जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने विवेचकों के कार्य निष्पादन की क्षमता में बढ़ोत्तरी, बेहतर पुलिसिंग कर आमजनता की समस्याओं को सुनने और उसका जल्द निराकरण करने, अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने तत्परता के साथ कार्य करने, अपराधों के पंजीयन में कोताही न बरतने, थानों में आने वाले फरियादी आगंतुक को किसी तरह की परेशानी न होने देने, पीड़ित को न्याय दिलवाने के लिए त्वरित गति से निष्पक्षता के साथ में अनुसंधान पूर्ण करने के निर्देश दिए। अवैध कारोबार व अवैधानिक गतिविधियों पर पूर्णत: रोक लगाने तथा ऐसी अवैधानिक गतिविधियां करने वालों के विरुद्ध तत्काल कड़ी कार्यवाही करने सख्त निर्देश दिए। अपराधों के अनुसंधान में आधुनिक तकनीक का उपयोग एवं सीसीटीएनएस के कार्यो में रूचि लेने के भी निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर, एएसपी मुख्यालय एकेजोशी डीएसपी नंदिनी ठाकुर, प्रशिक्षु डीएसपी दीपमाला कुर्रे, स्थापना प्रभारी अखिलेश सिंह सहित विभिन्न थाना-चौकी में पदस्थ एसआई व एएसआई मौजूद रहे।

### थाने पर आने वाले फरियादियों के साथ रखे अच्छा व्यवहार, पीड़ित को दिलाये तुरंत न्याय

**बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त विवेचकों को थाना चौकी में आने वाले फरियादियों के साथ अच्छा व्यवहार करने के निर्देश दिये तथा उनके द्वारा प्राप्त शिकायतों पर तुरंत विधीसम्मत कार्यवाही करते हुए उनको तुरंत न्याय दिलाने कहा ताकि आमजन में पुलिस की सकारात्मक छवि और मजबूत हो सके।**

## एक नजर

### यादव समाज युवा प्रकोष्ठ के परमेश्वर प्रदेश अध्यक्ष एवं सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।



सर्व यादव समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु ने युवा संगठन का गठन करते हुए सामाजिक रूप से युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में जिले के परमेश्वर यादव को पूरे प्रदेश की जिम्मेदारी सौंप नियुक्ति पत्र दिया है। सर्व यादव समाज युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर परमेश्वर यादव ने बताया कि तीन माह के अंदर सम्पूर्ण प्रदेश का दौरा कर वे सामाजिक रूप से संगठित समाज को जागृत करने व युवा वर्ग को जोड़ते हुए युवा प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी का गठन करेंगे। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के नेता तथा प्रेमनगर विधायक खेलसाय सिंह के प्रतिनिधि परमेश्वर यादव जिले सहित प्रदेश में यादव समाज के प्रमुख कर्णधार हैं और लंबे समय से प्रदेश में युवा वर्ग के द्वारा युवा प्रदेश अध्यक्ष की मांग की जा रही थी। समाज में युवाओं के प्रतिनिधित्व को देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु ने संभागीय अध्यक्ष डी एन यादव व समाज प्रमुखों से विचार मंथन करने के उपरांत समाज के युवा प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। यादव की नियुक्ति पर क्षेत्र के युवा साथियों ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी है।

### विश्व नर्स दिवस पर सम्मान समारोह में मरीजों की सेवा का संकल्प

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

फलोरेंस नाइटिंगल का जन्मदिन 12 मई को पूरे विश्व अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस दिवस के रूप में मनाया जाता है। तारतम्य में यहां शहर स्थित सूर्या नर्सिंग कालेज में अंतराष्ट्रीय नर्स दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एएसपी मेघा टेम्भूलकर साहू ने फलोरेंस नाईटिंगल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। नर्सिंग कालेज की छात्राओं ने फलोरेंस नाइटिंगल की याद में कैंडिल जलाकर शपथ ली। नर्सो ने शपथ लेते हुए कहा कि उनके बताए मार्ग पर चलकर वे भी मरीजों की सेवा करेंगी। पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान स्वास्थ्य सेवा के के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने वाली जिले की 30 नर्स, 15 सीएचओ एवं पिछले तीन वर्षो में कालेज में टॉप करने वाले 10 नर्स को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक रंजी नायक ने कहा कि फलोरेंस नाइटिंगल विश्व की पहली नर्स थी और नर्सिंग के क्षेत्र में जो उनका योगदान था उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है इसलिए उनका जन्मदिन हर वर्ष नर्सेस दिवस के रूप में मनाते हैं। नर्सिंग छात्र विनोबा वर्षा साहू का कहना है कि नर्सेस डे के अवसर पर उन्हें सम्मानित किया गया जिसे वे खुश हैं। वे इस क्षेत्र में तन.मन.धन से मरीजों की सेवा करेंगी।

### पैसों के लिये बेटे ने बाप को मारा, जुर्म दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

महासमुंद थाना क्षेत्र से बेटे द्वारा धारदार चाकू से पिता की हत्या करने का मामला सामने आया है। मामला ईसाई पारा ओवर ब्रीज के पास की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक मोह. शाबीर सिद्दीकी के साथ उसका बड़ा लड़का सुलेमान सिद्दीकी और उसकी पत्नी रूबीना सिद्दीकी तीनों महासमुंद ईसाई पारा में रहते है। मोह सुलेमान सिद्दीकी बहुत क्रोधी, शराबी और गंजेड़ी था। कोई कामधाम नहीं करता था।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक मोह. शाबीर सिद्दीकी जो पेंशनधारी था उसे उसका बेटा नशा-पान के लिए पैसों की मांग करता था नही देने पर अपने पिता मोह. शाबीर सिद्दीकी को बहुत बुरी तरह से मारपीट करता था। 2 मई की रात्रि करीबन 10:30 बजे नशा पान कर अपने पिता से पैसों की मांग किया था। नहीं देने पर क्रोधित होकर धारदार चाकू से अपने पिता मोह. शाबीर सिद्दीकी के गले में तथा बांये चेहरे एवं पीठ बांये तरफ मार कर गंभीर चोट पहुंचाया था और बिना किसी को बताये स्वयं ही प्राईवेट अस्पताल फिर जिला अस्पताल महासमुंद वहां से रिफर करवाकर मेकाहारा रायपुर में भर्ती कराकर अपने भाई मोह. रेहान सिद्दीकी को बताकर वापस चला आया था जो 07 मई 2022 को ईलाज के दौरान मौत हो गया है। जांच पर आरोपी मोह. सुलेमान सिद्दीकी के विरूद्ध धारा 302 भादवि का अपराध घटित करना पाये जाने पर पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### पांच किलो का आईईडी बरामद, बीडीएस की टीम ने किया निष्क्रिय

**बीजापुर ।** छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के बीजापुर में फिर एक बार नक्सलियों की करतूत सामने आई है मिली जानकारी के अनुसार जिले के नेलसनार थाना क्षेत्र में जिला बल और सीआरपीएफ 165 बटालियन की संयुक्त पार्टी आईईडी लगाने की सूचना पर गश्त सर्चिंग/डिमाईनिंग पर निकली थी । इसी दौरान ग्राम फुंडरी में इंद्रावती निर्माणाधीन पल के पास बंगोली की ओर जाने वाले मार्ग पर माओवादियों द्वारा लगाए गए 5 किग्रा का प्रेशर कुकर आईईडी बरामद किया गया । जिसे बीडीएस की टीम ने मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया । घटना स्थल की सर्चिंग जारी है ।

# प्रदेश स्तरीय सतनामी समाज गौरव सम्मान व युवा महोत्सव रायपुर में जुटेंगे छत्तीसगढ़ के जबाज युवा

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

सतनामी समाज जिला रायपुर के समाज यूथ कमल कुर्रे ने बताया कि सतनामी समाज को एक नया पहचान एवं उच्च स्थान दिलाने वाले महानुभवों एवम समाजहित में आगे बढ़कर कार्य कर रहे समस्त युवाओं को एक मंच पर सम्मान किया जाएगा यहां आयोजन अमरदास गुरुदवारा कमल विहार गेट के सामने देवपुरी में किया जाना है। 15 मई दिन रविवार को आयोजित किया जाएगा। आगे बताया कि बैगेर किसी संस्था संघठन के संचालित होगा सिर्फ युवा ही इस



आयोजन का संचालन करेंगे, उत्तकृष्ठ युवाओ को समानित कर उनका आभार प्रकट किया जाएगा। जितने भी समिति संघठन राजनीति के युवाओं को इसपर आमंत्रित किया जाएगा वह पूरे छत्तीसगढ़ के समस्त समाज सेवक को बराबर जानकारी लेकर स्थानीय जिला के लीडरों को इसकी जिम्मेदारी दी जाएगी। 16 अलग-अलग क्षेत्र के लोगों को इस पर शामिल किया जाएगा एक जिला से लोगों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही युवाओं के लिए खाश खुशनुमा पल बनाने के लिए युवा महोत्सव का कार्यक्रम रखा जा रहा है जिसके लिए रायपुर के पूरे छत्तीसगढ़ में प्रचार प्रसार के लिए बैठक कर के रूप रेखा तैयार किया गया है साथ ही सभी यूथ लीडरों ने मीडिया के माध्यम से सभी आयोजन को सफल बनाने के लिए आह्वाहन किया गया जिसमें मुख्यरूप से साथिगन शामिल हुए उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी,आशीष,प्रिंस,प्रवीण,राहुल,लक्मन, उमेश,ललित के दुवारा दिया गया।

# पेपर मिल बनाम यातना शिविर की दर्दभरी दास्तान

## तमिलनाडु से वापस घर लौटे बंधक मजदूरों ने सुनाई * दो अन्य मजदूर भी आए पुलिस टीम बैरंग लौटी

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जिले के पिथौरा निवासी मजदूर दलाल एवं व्यवसायी द्वारा क्षेत्र के 8 आदिवासी युवकों को अधिक मजदूरी का प्रलोभन देकर तमिलनाडु भेजने और वहां उन मजदूरों को यातना दिये जाने की खबर के बाद जिला प्रशासन द्वारा मजदूरों को वापस छुड़ाकर लाने के लिए तमिलनाडु भेजी गई थी। लेकिन बंधक मजदूरों तक पहुंच पाती उसके पूर्व ही तमिलनाडु के नल्लीपल्लम स्थित आराधना पेपर मिल द्वारा सभी मजदूरों को कंपनी के वाहन से उनके गांव वापस भेज दिया गया। उक्त मजदूरों के साथ क्षेत्र के ही ग्राम बेल्डीह निवासी 2 मजदूर भी वापस लौट आए है। उनके द्वारा बताया गया कि उक्त कंपनी में अभी भी छत्तीसगढ़ के अनेक लोग यातना शिविर की त्रासदी भोग रहे हैं। मजदूरों की वापसी कलेक्टर महासमुंद द्वारा बिन्दुनगर तमिलनाडु के एसपी को लिखे पत्र पर पुलिस के हस्तक्षेप



तमिलनाडु में और भी मजदूर बंधक

से संभव हो सका है। यहां से गई टीम तो बैरंग ही लौट आई है। विकासखण्ड के ग्राम अरण्ड एवं धनोरा के कुल 8 युवाओं के परिजनों ने विगत 21 अप्रैल को स्थानीय पुलिस में उक्त मामले की सूचना दे कर युवकों को उनके घर सकुशल लाने का निवेदन किया था।परन्तु इस आवेदन पर पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नही की गई। लिहाजा ग्रामीणों ने इसकी जानकारी क्षेत्तीय विधायक एवम संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव को दी। इस पर यादव ने तत्काल कलेक्टर महासंमुन्द से बात की। यादव की शिकायत को गम्भीरता से लेते हुए महासमुन्द कलेक्टर नीलेश कुमार क्षीरसागर द्वारा बिन्दुनगर तमिलनाडू के एस पी को पत्र लिख कर पूरी घटना की जानकारी प्रेषित की।

### व्यथा कथा बंधक बने युवाओं की

अधिक मजदूरी की लालच में अपने घर से हजारों किलोमीटर दूर जाकर बंधक बने मजदूरों में से एक युवक अजय ध्रुव ने बताया कि उन्हें पिथौरा के एक व्यवसायी ने तमिलनाडु की एक पेपर मिल में काम करने के लिए 18 हजार रुपये प्रतिमाह की दर पर ट्रेन से तमिलनाडु के नल्लीपल्लम ग्राम भेजा था। वहां पहले दिन से ही उन पर प्रताड़ना का दौर प्रारम्भ हो गया। उन्हें पेपर के काम की बजाय गर्म ब्रॉयलर में काम करने लगाया गया। इसके बाद उन्हें 18 की बजाय 12 हजार भुगतान की बात कही गयी। काम भी 8 घण्टे की बजाय सूर्योदय से सूर्यास्त तक करना पड़ता था। खाने के नाम पर उन्हें सूखा राशन देकर खुद बनाने कहा गया। मिल मालिक के कारनामो से परेशान युवकों ने जब उन्हें काम नहीं करने और वापस घर जाने की बात कही गयी। तब मालिक ने सभी के मोबाइल और उनके पास बचा कर रखे गए रुपये छीन लिए। जिससे अब सभी मजदूर-मजबूर होकर बंधक की तरह काम करते रहे। अजय ने बताया कि उनमें से एक युवक हुमन ठाकुर ने अपना मोबाइल छिपा कर रखा था। अत्यधिक परेशानी के बाद उसने एकांत देख कर अपने ग्राम के सरपंच देवराज ठाकुर को मोबाइल पर पूरे हालात की जानकारी दी इसके बाद सुबह सरपंच स्वयं फंसे युवकों के परिजनों के साथ थाना पहुंच कर घटना के सम्बन्ध में आवेदन दिया था। परन्तु पुलिस ने ना कोई कार्यवाही की और न ही प्रथम सूचना रपट दर्ज की।

### 8 को आना था, आए 10

पूरे मामले में अरण्ड निवासी अजय ध्रुव 26, हुमन कुमार 17 बासदेव ठाकुर 22, सूरज ध्रुव18 एवं धनोरा निवासी नाबालिग रितेश दीवान 17, तरुण ध्रुव 27, हेमंत ध्रुव 25, एएवम हेमसिंह ध्रुव 18, को बस से वापस भेजा गया है। युवकों ने इस प्रतिनिधि को बताया कि जब उन्हें तमिलनाडु पुलिस आराधना पेपर मिल से निकालने पहुची तब अचानक दो और युवक इन युवकों एवम पुलिस के पैर पकड़ कर उन्हें भी छुड़ाने के लिए गिड़गिड़ाने लगे। तब उन्होंने उन युवकों को भी आने साथ ले लिया। दोनों युवक विकासखण्ड के दूरस्थ ग्राम बेल्डीह निवासी है। अजय के अनुसार पुलिस ने उन सभी को पेपर मिल से निकाल कर रेलवे स्टेशन ले गया और वहां समीप स्थित एक लॉज होटल ब्रिजलैंड के एक कमरे में सभी 10 लोगों को बन्द कर दिया। कुछ घण्टो बाद इन्हें होटल से निकाल कर एक बस द्वारा सीधे रायपुर भेज दिया गया।

### बैरंग लौटी पुलिस

दूसरी ओर टीम में गए एएसआई प्रकाश नागरची ने बताया की स्थानीय तहसीलदार के नेतृत्व में युवकों को लेने गयी टीम जब चेन्नई पहुची तब उन्हें पता चला कि सभी युवक वापस रवाना हो गए है। तब पुलिस एवम प्रशासन की टीम भी चेन्नई से वापस लौट आयी है।

# रात के अंधेरे में ट्रक से मवेशी भरकर ले जा रहे थे, 3 व्यक्ति भागने में हुए सफल एक आरोपी गिरफ्तार

## खड़गवां पुलिस ने मवेशियों से भरे ट्रक को पकड़ा

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।



2 लाख 80 हजार रूपये कीमत के 28 रास भैंस-भैंसा जप्त, 1 गिरफ्तार

दरम्यानी रात्रि में चौकी प्रभारी खड़गवां को मुखबीर से सूचना मिला कि ट्रक क्रमांक सीजी 15 एसी 5022 में भैंस-भैंसा को क्रूरतापूर्वक भरकर ग्राम दबगड़ी प्रतापपुर से मदननगर धुरमपुर-भरदा होते हुए भैंसामुंडा मेन रोड निकलने वाले हैए जिसकी सूचना से पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू को अवगत कराए जाने पर उन्होंने तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में चौकी खड़गवां की पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्राम मदननगर में घेराबंदी लगाया इसी दौरान एक ट्रक आता दिखाई दिया जो धरमपुर भरदा मार्ग में मुड़ा जिसे रोकने का इशारा करने पर ट्रक चालक ने वाहन को तेज गति से भगाने लगा जिसे कड़ी मशक्कत के बाद रोकवाया गया ट्रक के रूकते ही 3 व्यक्ति अंधेरे का फ ायदा उठाकर भाग गए पुलिस टीम के ट्रक तक पहुंचते ही अंदर बैठा व्यक्ति इस्लाम खान पिता स्व.अलीमुद्दीन खान उम्र 46 वर्ष निवासी ग्राम गुरदी, थाना गढ़वा झारखण्ड भागने की फिराक में थे जिसे पकडा गया। ट्रक तिरपाल से ढका था जिसकी तलाशी लेने पर उसमें 10 रास भैंस व 18 रास भैंसा कुल 28 रास भैंस.भैंसा लोड़ पाया गयाए पकड़े गए व्यक्ति से मवेशी के खरीदी-बिक्री.परिवहन के संबंध में दस्तावेज की मांग किए जाने पर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर अपराध क्रमांक 96 22 धारा छग कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11,1,;घ, के तहत कार्यवाही करते हुए 28 रास भैंस.भैंसा कुल कीमत 2 लाख 80 हजार रूपये एवं परिवहन में प्रयुक्त ट्रक कीमती 12 लाख 80 हजार रूपये का जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। मामले में 3 आरोपी फ रार है जिनकी सरगर्मी से पतासाजी की जा रही है। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी खड़गवां सीपी तिवारी, एएसआई धनंजय पाठक, प्रधान आरक्षक धुनेश्वर केरकेट्टा, इन्द्रजीत सिंह, शरद कुमार, आरक्षक दीपक सिंह, चंदेश्वर राजवाड़े, अशोक कुमार, रामाधार सिंह, चमन नेताम सक्रिय रहे।.

## एक नजर

### दुल्हा दुल्हन ने हसदेव बचाने की गुहार के साथ लिये सात फेरे

जोहार छत्तीसगढ़-उदयपुर।




हसदेव जंगल को बचाने का मुद्दा देश प्रदेश में लगातार जारी है। संगठन, व्यक्ति और विभिन्न वर्ग अपने अपने स्तर पर आंदोलन, मानव श्रृंखला, ज्ञापन देकर सरकार से मांग कर रहे है कि हसदाव जंगल के कटाई पर रोक लगाये क्योकि यह पर्यावरण के लिए भंयकर नुकशान है और इसी कड़ी में तखतपुर क्षेत्र के उमेश कौशिक ने अपने शादी में मतलब दुल्हा के रुप में दुल्हन के साथ हसदेव बचाओ पोस्टर के माध्यम हे बराती घरासी को जाखरुक किया एवं सरकार से गुहार लगाया। छत्तीसगढ़ी भासा के लिए तखतपुर से मुख्यमंत्री निवास तक सायकल यात्रा कर चुके उमेस ने बताया कि दुख होता है कि सरकार लाखों पेड़ो को काट रहे है और इसी षमय में मेरा विवाह हो रहा है तो मैने फैसला लिया कि अपनी शादी में ही हसदेव बचाने का गुहार लगाऊंगा और जयमाला पश्चात शादी में उपस्थित सैकड़ों लोगों को इन पेड़ों को बचाने के लिए आगे आने के लिए गुहार लगाया।

### हत्या करने के नीयत से प्राण घातक हमला,अपचारी बालक सहित महिला गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

प्रार्थी विश्वनाथ साहू पिता बलदेव साहू उम्र 52 साल थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि शाम करीब 5-6 बजे के आसपास ग्राम मदनपुर पानी टंकी के पास प्रार्थी के भतीजे से अपचारी बालक का नल से पानी भरने की बात को लेकर विवाद हो रहा है। उक्त झगड़ा के दौरान नाबालिग बच्चे एवं उसकी मां द्वारा इसी झगड़े की बात को लेकर प्रार्थी के घर में घुस कर डंडा व ब्लेड से हत्या करने के नीयत से प्रार्थी एवं उसके भतीजे दीपक साहू और उसके बे टों के गले, कनपटी व चेहरे पर वार कर दिया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना दौरान अभियुक्त महिला तथा अपचारी बालक को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया।




### इलाज के नाम पर गरीब मरीजों को लूट रहा निजी अस्पताल

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।




रतनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में संसाधनों की कमी के चलते यहां इलाज के लिए आने वाले मरीजों को प्राइवेट एंबुलेंस से मरीज जाने को मजबूर हैं। इसके अलावा यहां सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को निजी एंबुलेंस वाले प्राइवेट अस्पताल ले जा रहे हैं। जिससे उनके इलाज का खर्च बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से दखल देने की मांग की है। और रतनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुनियादी सुविधाओं की मांग उठाई है। आपको बता दें कि रतनपुर धर्मनगरी के नाम से भी जाना जाता है। जहां लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। और आसपास के 30 गांव के लोग इलाज के लिए मरीज आते हैं। वहीं कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत से प्राइवेट एंबुलेंस के माध्यम से मरीजों को प्राइवेट हॉस्पिटल छोड़ दिया जाता है। जहां वे महंगा इलाज कराने के लिए मजबूर हैं।

# पारले जी बिस्कुट कम्पनी पर लगा 6 लाख का जुर्माना

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



एक निजी कम्पनी पारले जी बिस्कुट कम्पनी इन्दौर/मुम्बई के द्वारा अमानक खाद्य पदार्थों का उत्पादन, वितरण एवं विक्रय करने के कारण अपर कलेक्टर बेमेतरा डॉ. एके बाजपेयी के द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत 6 लाख 40 हजार का अर्थदण्ड लगाया गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी, खाद्य एवं औषधि प्रशासन बेमेतरा के द्वारा आरोपी नरेन्द्र देवांगन, फर्म महाजन किराना स्टोर्स बेरला के दुकान का निरीक्षण किया गया और पारले बिस्कुट कम्पनी द्वारा उत्पादित पारले किसमी असोर्टेड टॉफ ी दुकानदार द्वारा विक्रय किया जा रहा था। जिसका सेम्पल लिया जाकर उक्त खाद्य पदार्थ का खाद्य विश्लेषक, इन्दौर से परीक्षण कराया गया। परीक्षण में उक्त खाद्य पदार्थ को अवमानक घोषित किया गया। जिसके आधार पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा अभिहित अधिकारी बेमेतरा से विधिवत अनुमति प्राप्त कर एडीएम एवं न्याय निर्णयन अधिकारी बेमेतरा के समक्ष उक्त खाद्य सामग्री का उत्पादन, वितरण एवं विक्रय करने वाले आरोपी नरेन्द्र देवांगन, सुजित राउत, जाबिर अली, रामसिंग एवं एस.वसन्त मुरली के विरूद्ध प्रकरण प्रस्तुत किया गया। एडीएम न्यायालय में सुनवाई उपरांत आरोपीगणों को अमानक खाद्य पदार्थ के उत्पादनए वितरण एवं विक्रय को दोषी मानते हुये आरोपीगणों को 6 लाख 40 हजार का जुर्माना अधिरोपित करते हुये 15 दिवस के भीतर अधिरोपित जुर्माने की राशि न्यायालय में जमा करने का निर्देश दिया गया। एडीएम ने अपने निर्णय में लिख है कि पारले बिस्कुट कम्पनी एक प्रतिष्ठित व्यवसायिक कम्पनी व माना हुआ ब्राण्ड है। जिसका देशव्यापी विस्तृत व्यवसायिक क्षेत्र है ऐसी कम्पनी से अमानक खाद्य पदार्थ के उत्पादन की अपेक्षा नहीं की जा सकती और कम्पनी का यह कृत्य जन स्वास्थ्य एवं सुरक्षा साथ खिलवाड़ है। अमानक खाद्य पदार्थ पारले किसमी असोर्टेड टॉफी का विक्रय करने वाले आरोपी नरेन्द्र देवांगन निवासी बेरला पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 51 के तहत 20 हजार रूपये, जय मातादी ट्रेडर्स अहिवारा, नंदिनी के संचालक सुजित राउत पर 20 हजार रूपये, वासु लॉजिस्टीक लि. रायपुर के संचालक जाबिर अली पर एक लाख रूपये, पारले बिस्कुट प्रालि इन्दौर के संचालक रामसिंग पर 2 लाख 50 हजार रूपये तथा पारले बिस्कुट प्रालि मुम्बई के संचालक एस वसन्त मुरली पर 2 लाख 50 हजार रूपये का जुर्माना आरोपित किया गया है। आरोपियों द्वारा जुर्माना राशि समय पर जमा न करने पर भू.राजस्व बकाया के भांति वसूली की कार्यवाही होगी।

# फूलझर क्षेत्र में भू-माफिया सक्रिय

## अब गांवों में भी प्लाटिंग और कालोनी निर्माण का कार्य जोरों पर

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



**शासन को करोड़ों के राजस्व की क्षति, कार्यवाही के आदेश पर अमल में चालाकी**

जमीनों की अफ रा-तफ री को लेकर अव्वल नंबर पर बदनाम महासमुंद जिले में इन दिनों भू-माफि या और राजस्व तथा अन्य अधिकारियों की सांठ-गांठ से बिना नजूल अनापत्ति के प्लाटिंग और उस पर कालोनी निर्माण का कार्य व्यापक पैमाने पर धड़ल्ले से चल रहा है। इसमें कालोनाईजर एक्ट की धज्जियां तो उड़ ही रही है तथा इसकी आड़ में शासकीय, आबादी, आदिवासी, कोटवारी, घास, जलघर, डबटी, गली, सड़क और पानी के नीचे आदि जमीनों पर भी अतिक्रमण के साथ नाजायज निर्माण का खेल चल रहा है। स्पष्ट है इसमें शासन को करोड़ों के राजस्व आय से वंचित होना पड़ रहा है। भरोसेमंद सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सरायपाली नगर पालिका क्षेत्र की सीमा से सटे और समीपवर्ती ग्राम पंचायत कुटेला, जोगनीपाली, केजुआ, बालसी, बेदपाली रोड, बोंदा और बैतारी के आसपास की भूमि पर प्लाटिंग अवैध निर्माण का कार्य जोरों से चल रहा है। सरायपाली शहर के भीतर कांजी हाउस, हाई स्कूल की भूमि, मंदिर स्कूल की भूमि, डबरी, हॉस्टल, नर्स क्वाटर, कोढ़ीखाना, रजिस्टार आफि स और पुराना कचहरी, किसान मण्डी में किसानों की भूमि और गली तथा सड़क तक में अवैध रूप से भवन और कालोनी निर्माण पहले ही हो चुका है। शहर के भीतर भूमि खसरा क्रमांक 259, 33/4, 47/2, 740, 741, 751, 763, 759, 752, 762, 748, 85 और भूमि खसरा क्रमांक 444 हुये और हो चुके अवैध निर्माण से नगर पालिका भी अनभिज्ञ नहीं है। समय-समय पर इनकी शिकायत संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को की जाती रही है। लेकिन नतीजा सिफर रहा। इससे जमीन माफि या के हौसले और बुलंद हो गये हैं। नाजायज अतिक्रण और बिना वैध अनुमति के निर्माण की शिकायतों के मद्देनजर एसडीएम सरायपाली नम्रता जैन के द्वारा कार्यवाही के लिये नगर पालिका को निर्देशित किया गया है और नगर पालिका द्वारा भेदभाव पूर्ण कार्यवाही को अंजाम देते हुये केवल गिनती के लोगों को नोटिस मात्र भेजकर अपने कर्तव्यों के इतिश्री की जा रही है। अगर नगर पालिका उक्तादेश का ईमानदारी से पालन करती है तो निसंदेह काफी बड़े रकबे की शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया जा सकता है। जो कि शासन हित में जरूरी है।

### बांध, सड़क, कोढ़ीखाना, कचहरी सब अतिक्रमण के शिकार

नगर पालिका सीमा क्षेत्र में अतिक्रमण कर्ताओं ने कोढीखाना, नर्स क्वाटर, पुराना कचहरी, स्कूल और हास्टल तथा किसानों की मण्डी के किसानों की भूमि और आम गली.सड़क की जमीनों को पहले ही हथिया रखा है तथा शहर के भीतर स्थित बांध को 90 प्रतिशत हिस्सा भी अवैध निर्माण का शिकार हो चुका है। नगर पालिका द्वारा केवल नोटिस जारी करने का औपचारिक कर्तव्य निर्वहन भी जारी है। बाकी है तो बस निष्पक्षता से ठोस कार्यवाही। वर्तमान में इसकी संभावना नगण्य है।

## रणजी टीम के कप्तान पर कूटरचित दस्तावेज तैयार करने पर एफआईआर दुर्भाग्यपूर्ण घटना-प्रवीण जैन

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।



छत्तीसगढ़ की रणजी टीम के कप्तान आईपीएल खिलाड़ी हरप्रीत सिंह भाटिया के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला विधानसभा थाना में दर्ज हुआ है उन पर आरोप है कि उन्होंने लेखाकार पद के लिए बुंदेलखंड विश्विद्यालय की फ र्जी मार्कशीट बनवाकर सरकारी नौकरी के लिए आवेदन किया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी खेलकूद प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण जैन ने इसे बहुत गंभीर और दुर्भाग्यपूर्ण घटना बतलाया है। उन्होंने कहा कि यह कोई पहला मामला नहीं है जब क्रिकेट संघ के खिलाड़ियों पर फ र्जी दस्तावेज बनाकर कूटरचना के आरोप लगे हों, इसके पूर्व भी कई मामले सामने आते रहे हैं जब खिलाड़ी खेलने के लिए, पढ़ाई के लिए, नौकरी के लिए, निवास स्थान के लिए अपने दस्तावेजों से छेड़खानी करते हैं। कई बार खिलाड़ी जाने अंजाने में प्रतिबंधित दवाओं का भी इस्तेमाल करते हैं, पता नहीं खिलाड़ियों को ऐसा करने की सलाह कौन देता है। जब ये खिलाड़ी पकड़े जाते हैं तो पूरा करियर चौपट हो जाता है। प्रवीण जैन ने खिलाड़ियों से अपील करते हुए कहा है कि प्रदेश के खिलाड़ी हमारे प्रदेश की धरोहर हैं। उनसे प्रदेश का गौरव जुड़ा हुआ होता है, इस तरह के फर्जी दस्तावेज तैयार कर वे ना केवल अपना नुकसान करते हैं बल्कि वे अपने माता-पिता, पूरे प्रदेश और देश की उम्मीदें भी धूमिल करते हैं। इन सभी चीजों से खिलाड़ियों को बचना चाहिए और साफ सुथरे चरित्र के साथ अपने जीवन में आगे बढ़ना चाहिए।

# विश्व नर्स डे पर खुटगांव में ग्रामीणों ने नर्सों के साथ केक काटकर दी बधाई

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।



विश्व नर्स दिवस पर खुटगांव में जनप्रतिनिधि व ग्रामीणो ने वहां के उपस्वास्थ्य केन्द्र पहुंचकर केक काटी और उन्हे बधाई दी। सीएचओ नमिता यदु और आरएचओ मंजुशा मण्डावी तथा मुडागांव की सीएचओ योगेश्वरी मरकाम के उपस्थिति में केक काटकर नर्स दिवस मनाया। ग्रामीण सीएचओ नमिता यदु और आरएचओ मंजुशा मण्डावी के कार्य को लेकर बहुत खुश है और ईतना खुश है कि विश्व नर्स दिवस के अवसर पर उपस्वास्थ्य केन्द्र पहुंचकर उनके साथ सेलिब्रेट किया। इसके पहले विश्व मलेरिया दिवस पर सुपरवाइजर आर सी वर्मा के अगुवाई मे सीएच ओ नमिता यदु और आरएचओ मंजुशा मण्डावी ने खुटगांव में जन जागरण लेकर कार्यक्रम किया था जिसकी गांव में जमकर तारीफ भी हुई थी इस प्रकार की अनेक गतिविधियों के कारण नमिता यादव गांव की एक माडल कर्मचारी बन चुकी है इसलिये गांव के सरपंच तथा रोशन टांडिल्य और मितानिनो ने नर्स दिवस पर उपस्थित होकर उन्हे बधाई दी है।

### क्षेत्रीय बेटी होने का भी गांव पर अच्छा प्रभाव

खुटगांव उपस्वास्थ्य केन्द्र पहले एक पुरूष स्वास्थ्य कर्मी आर सी वर्मा के भरोसे कई साल तक चला वहा के लोग इनके इलाज और व्यवहार से बेहद खुद थे इनके सुपरवाइजर के पद पर पदस्थ होने के बाद उपस्वास्थ्य केन्द्र पर एक सी एच ओ और एक आर एच ओ पदस्थ हुये दोनो महिला स्वास्थ्य कर्मीयो में से नमिता यदु क्षेत्रीय बेटी होने के कारण गांव के बोली ओडिया का ज्ञान भी है। जिसके कारण उपस्वास्थ्य केन्द्र खुटगांव में उनका खास प्रभाव बन चुका है और और उनके इलाज को लेकर भी गांव के लोग बेहद खुश है।

### सीएचसी में भी सभी ने नर्स दिवस पर बधाई दी

*वही विश्व नर्स दिवस पर क्षेत्रभर के नर्सो को ब्लाक चिकित्सा अधिकारी अंजु सोनवानी सुपरवाइजर आर सी वर्मा, डॉ. शेषनारायण पात्र सहित सभी डाक्टरों ने नर्सो को इसकी बधाई दी। इस अवसर पर देवभोग झाखरपारा, दिवानमुडा खुटगांव सहित कई उपस्वास्थ्य केन्द्र के नर्स उपस्थित थे। और खण्ड अधिकारी सहित खण्ड के कर्मचारियों ने खुटगांव के नर्सो के उत्कृष्ट कार्यो की तारीफ भी की है। विश्व नर्स दिवस पर खुटगांव उपस्वास्थ्य केन्द्र की हेल्थ अफसर नमिता यदु ने गांव के लोगों को बेहत्तर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने को अपनी प्राथमिकता बताया है।*

# कोटा नाका चौक के पास कार चालक ने विवाद करते हुए ट्रक में पेट्रोल डालकर लगा दी आग

## सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना दो आरोपी गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

**रंजिशवश कार चालक ने खड़ी ट्रक में पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी, जिससे ट्रक धूं-धूं कर जलने लगाए आगजनी की घटना सामने आते ही अफरा-तफरी मच गई और आनन फानन में आग बुझाने प्रयास किये गए।**





इस आगजनी की पूरी घटना सामने लगी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई जिसमें देखा जा सकता है कि किस तरह कार चालक मौके में पहुंचे और ट्रक चालक को धमका कर भगा रहे है। जिसके बाद ट्रक को आग के हवाले कर रहे है। इस पूरे मामले में ट्रक के मालिक संतोष कुमार गुप्ता ने कोटा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। मिली जानकारी के अनुसार कोटा निवासी संतोष कुमार गुप्ता ट्रक ट्रांसपोर्टिंग का काम करता है तथा ट्रक क्रमांक सीजी 04 डीबी 5894 दस चक्का ट्रक का स्वामी है 11 मई 2022 के करीब 3 बजे उक्त ट्रक का चालक अशोक मानिकपुरी रेल्वे स्टेशन तरफसे ट्रक खाली कराकर घर के सामने खड़ी कर कुछ पैसे की मांग किया जिसे तुरंत पैसा दिया और ट्रक लेकर आगे चला गया कि तुरंत पीछे से कार क्रमांक सीजी 10 बीएच 7540 का चालक संजय पांडेय पिता कृष्ण कुमार पांडेय 54 वर्ष निवासी लालखदान बिलासपुर व उसका साथी विक्की जोजेफ उर्फ मैक्स पिता अशोक जोजेफ 32 वर्ष निवासी गुरु नानक चौक तोरवा आये और फि र रोका और रोड जाम करके रखते हो कहकर जान से मार दूंगा की धमकी देते हुये चला गया और अपने मोबाईल से प्रार्थी के मोबाईल नंबर पर बार बार फोन कर जान से मार देने की धमकी देने लगा।

ट्रक चालक द्वारा ट्रक को आनंद धरम कांटा के पास वजन कराकर खड़ी किया था कि उक्त कार के चालक द्वारा ट्रक ड्राईवर को डरा धमकाकर भगा दिया और ट्रक में पेट्रोल डालकर आग लगा दिया गया। संजय पांडेय आदत अपराधी है जिसके खिलाफ बिलासपुर थाना में मामले दर्ज है। प्रार्थी की शिकायत के बाद कोटा पुलिस उक्त कार चालक की तलास कर रही थी। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली कि बिलासपुर में उक्त कर को देखा गया है जिसके बाद कोटा पुलिस संजय पांडेय पिता कृष्ण कुमार पांडेय 54 वर्ष निवासी लालखदान बिलासपुर व उसका साथी विक्की जोजेफ उर्फ मैक्स पिता अशोक जोजेफ 32 वर्ष निवासी गुरु नानक चौक तोरवा को गिरफ्तार कर कोटा थाना लेकर दोनो के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, गुरुवार 12 मई 2022

## थंडम के रीमेक में गुमराह में धमाका करेंगे मृणाल ठाकुर और आदित्य रॉय कपूर



आदित्य रॉय कपूर और मृणाल ठाकुर जल्द ही धमाका करने वाले हैं। जी दरअसल इन दोनों की अनटाइटल्ड फिल्म को अब गुमराह नाम मिल गया है। जी हाँ, आप सभी दोनों को फिल्म गुमराह में देखने वाले हैं। आपको बता दें कि यह फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित होगी और इस क्राइम थ्रिलर फिल्म में आदित्य रॉय कपूर पहली बार दो पूरी तरह से अलग अवतार में दोहरी भूमिका निभाते हुए नजर आने वाले हैं। वहीँ इस फिल्म में मृणाल ठाकुर एक पुलिस वाले की भूमिका निभाती हुई नजर आने वाली हैं। आपको बता दें कि यह थ्रिलर फिल्म आदित्य और मृणाल की साथ में पहली फिल्म है। जी हाँ और आदित्य रॉय कपूर फिल्म का पहला शेड्यूल पूरा कर चुके हैं और मृणाल ने मुंबई में दूसरा शेड्यूल शुरू कर दिया है।

ऐसे में अब खबर है कि आज से आदित्य भी मृणाल के साथ दूसरे शेड्यूल की शूटिंग शुरू कर देंगे। केवल ये दोनों ही नहीं बल्कि जल्द ही रोनित रॉय भी शूटिंग में शामिल होंगे। यह फिल्म वर्धन केटकर के निर्देशन में बन रही है और इस फिल्म का निर्माण भूषण कुमार की टी-सीरीज और मुराद खेतानी के सिने वन स्टूडियो द्वारा किया जा रहा है।

आप सभी को बता दें कि यह साउथ की सुपरहिट फिल्म थंडम का हिंदी रीमेक है। जी दरअसल काफी समय पहले ही फिल्म की घोषणा हो गई थी, लेकिन फिल्म का नाम नहीं रखा गया था। ऐसे में अब इस अनटाइटल्ड फिल्म को गुमराह नाम मिल गया है। जी हाँ और अब फैंस मृणाल और आदित्य को साथ देखने के लिए बेताब नजर आ रहे हैं।

## पृथ्वीराज के ट्रेलर ने मचाया धमाल, महज 24 घंटे में मिले इतने व्यू

बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार की अपकमिंग मूवी पृथ्वीराज का ट्रेलर 9 मई के दिन मेकर्स ने फैंस के मध्य जारी रहने वाला है। इस ट्रेलर में अक्षय कुमार को सम्राट पृथवीराज चौहान के किरदार में देखने के उपरांत फैंस खुशी से झूमने लग गए। वहीं दूसरी ओर इस मूवी के ट्रेलर ने यूट्यूब पर महज 24 घंटों में अनोखा रिकॉर्ड बना चुके है। इस ट्रेलर को 24 घंटों में 55 मिलियन से ज्यादा व्यूज भी आ चुके है। पृथ्वीराज के रिकॉर्ड ने बनाया जबरदस्त रिकॉर्ड- यशराज बैनर ने अपने ट्विटर हैंडल पर सूचना जारी करते हुए कहा है कि अक्षय कुमार स्टारर पृथ्वीराज के ट्रेलर ने 24 घंटों के अंदर यूट्यूब पर 55 मिलियन से अधिक व्यूज पार कर चुके है। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा, दिल जीतना और गौरव की आग छोड़ना सम्राट पृथ्वीराज चौहान के ट्रेलर को 55 मिलियन से ज्या बार देखा गया! मूवी हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज की जाने वाली है। 3 जून को केवल अपने नजदीकी थिएटर में #YRF 50 के साथ सम्राट पृथ्वीराज




चौहान का जश्न मनाएं। मूवी से डेब्यू कर रही हैं मानुषी छिल्लर- डॉ चंद्रप्रकाश द्विवेदी के निर्देशन में बनकर तैयार हुई मूवी में अक्षय कुमार के अलावा संजय दत्त और सोनू सूद लीड रोल में नज़र आने वाले है। इस मूवी से मानुषी छिल्लर बॉलीवुड की दुनिया में अपनी नई शुरुआत करने जा रही है। मूवी में बड़े परदे पर अक्षय कुमार को सम्राट पृथवीराज चौहान के रोल में देखना बहुत ही रोमांचित होने वाला है। मूवी को आदित्य चोपड़ा प्रोड्यूस कर रहे हैं।

## आलिया और रणवीर की इस मूवी के कैमियों में नजर आएँगे शाहरुख खान




बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान को बड़े परदे पर देखने के लिए बेसब्री से इन्तजार कर रहे है। बीते दिनों रिपोर्ट्स में सुनने को मिला था आया था कि अभिनेता सलमान खान स्टारर टाइगर 3 में कैमियो करते हुए दिखाई देने वाले है। वहीं अब ताजा अपडेट के अनुसार शाहरुख खान मशहूर निर्माता-निर्देशक करण जौहर की फिल्म रॉक और रानी की प्रेम कहानी में भी एक स्पेशल रोल में नज़र आने वाले है।

रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में होगा शाहरुख खान का कैमियो- मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया है कि करण जौहर के निर्देशन में बन रही मूवी में शाहरुख खान कैमियो करते दिखाई देने वाले है। मूवी के लिए काजोल का नाम भी सुनने के लिए मिला है लेकिन उन्होंने अभी सहमती नहीं जताई है। हालांकि वह दोस्त करण की मूवी को लेकर बहुत उत्साहित हैं। जबकि शाहरुख ने करण को अपनी हरी झंडी दिखा दी है क्योंकि वह उन्हें कभी ना नहीं कह सकते। करण और शाहरुख की दोस्ती की चर्चा इंडस्ट्री में बहुत वक़्त से चली आ रही है। शाहरुख आने वाले दिनों में कैमियो की शूटिंग करने वाले है। कहा जा रहा है कि ये स्पेशल गाना होने वाला है । शाहरुख खान ने बिना कोई सवाल किए करण जौहर की फिल्म की शूटिंग के लिए हां भी कर चुके है।

करण जौहर के लिए बेहद खास है ये फिल्म- खबरों की माने तो करण जौहर की रॉकी और रानी की प्रेम कहानी फैंस के लिए एक विजुअल ट्रीट है और वो इसे खास बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ने वाले है। शाहरुख खान को मूवी में इसलिए लिया गया है क्योंकि वो किंग ऑफ रोमांस कर रहे है। बतौर निर्देशक करण जौहर अपने फैंस को कभी निराश नहीं करना चाहते हैं। इसके पूर्व शाहरुख खान ने करण जौहर की फिल्म ए दिल है मुश्किल के लिए कैमियो किया था।

## UK में विद्या बालन शुरू करेंगी अपनी अगली मूवी की शूटिंग

यूके में अनु मेनन निर्देशित शकुंतला देवी की शूटिंग के उपरांत, विद्या बालन अनु मेनन की आने वाली मूवी के लिए यूके वापस जाने के लिए तैयार हो चुकी है। जैसे ही मूवी मई में रिलीज की जाएगी, विद्या बालन 2 माह के शेड्यूल में थ्रिलर की शूटिंग करने में बिजी ही जाएंगी।वर्तमान में, विद्या बालन शकुंतला देवी और शेरनी की सफलताओं के उपरांत, अपनी निरंतर तीसरी अमेज़न प्राइम वीडियो रिलीज़ जलसा की सफलता के आधार पर कार्य में लगा हुआ है। वहीं महामारी में अपनी मूवी रिलीज के लिए




डिजिटल मार्ग चुनने वाले पहले बॉलीवुड सितारों में से एक होने के नाते, विद्या बालन ने कई अन्य इंडियन मूवीज के लिए ओटीटी पथ लेने का निर्णय ले लिया है। इंडियन सिनेमा में महिलाओं के प्रतिनिधित्व का चेहरा बदलते हुए, विद्या बालन महिला कलाकारों के लिए महिला-केंद्रित कहानियों को दिखाने का मार्ग प्रशस्त करने का काम कर रही है। बता दें कि द डर्टी पिक्चर, कहानी, तुम्हारी सुलु जैसी फिल्मों के साथ, शकुंतला देवी, शेरनी और जलसा जैसी हझ्झ्झ प्रस्तुतियों के अलावा नाटकीय रिलीज के लिए, विद्या बालन ने व्यावसायिक सफलता के साथ-साथ महत्वपूर्ण के दुर्लभ संयोजन को प्राप्त करके महिला अभिनेताओं के लिए सड़क का नेतृत्व भी करने में लगी हुई है। वर्षों से अपरंपरागत और प्रयोगात्मक भूमिकाओं के साथ अपना स्थान बनाने के बाद, विद्या बालन ने विश्वभर में एक आश्चर्यजनक प्रशंसक आधार अर्जित कर दिया है। जिसके साथ साथ शकुंतला देवी, शेरनी और जलसा की वैश्विक रिलीज़ डिजिटल प्लेटफॉर्म पर हुई हैं, जो एक साथ 240 से अधिक देशों तक पहुंच रही हैं।

## बिकिनी पहनने पर ट्रोल हुईं आयरा खान, सोना महापात्रा ने किया सपोर्ट

बॉलीवुड एक्टर आमिर खान और उनकी बेटी आयरा खान इन दिनों ट्रोल हो रहे हैं और इसकी वजह एक तस्वीर रही जो आयरा खान के जन्मदिन पर सामने आई। जी दरअसल अपने जन्मदिन के मौके पर आमिर की बेटी का बर्थडे लुक देख फैंस ने उन्हें और आमिर दोनों को आड़े हाथ ले लिया है। आप सभी जानते ही होंगे बीते दिन सोशल मीडिया पर आमिर



उनकी बेटी की जन्मदिन मनाते ये तस्वीर तेजी से वायरल हो रही थी। वहीं सामने आई तस्वीर में आयरा खान बिकनी पहने जन्मदिन का केक काटती नजर आई थीं, जिसके बाद उन्हें और आमिर को सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल किया गया था।

अब इन सभी के बीच आयरा खान के सपोर्ट में आईं हैं मशहूर सिंगर सोना मोहपात्रा। जी दरअसल उन्होंने सोशल मीडिया पर एक लंबा-चौड़ा नोट शेयर किया है और इस पूरे मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। जी दरअसल उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा, इरा खान की पसंद की पोशाक पर नाराजगी जताने वाले या इसे आमिर खान ने क्या कहा, क्या किया या क्या नहीं, ऐसे लोग कृपया ध्यान दें, वह 25 वर्ष की है। एक स्वतंत्र सोच वाली, वयस्क महिला। वह अपनी पसंद से रह रही है। उसे इसके लिए पिता या आपकी स्वीकृति की जरूरत नहीं है।

# खेल

रूसी हमले के बाद यूक्रेन की पहली जीत

## एक दोस्ताना मुकाबले में जर्मन क्लब बोरोसिया म्योंचेनग्लाडबाख को 2-1 से हराया

**पेरिस। करीब दो माह के बाद यूक्रेन ने दुनिया को सुखद खबर दी है। उसकी नेशनल फुटबॉल टीम ने रूसी हमले के बाद कोई मुकाबला जीता है। उसने बुधवार को खेले गए एक दोस्ताना मुकाबले में जर्मन क्लब बोरोसिया म्योंचेनग्लाडबाख को 2-1 से हराया।**

यह एक चैरिटी मुकाबला था, जो रूस-यूक्रेन युद्ध के पीड़ितों की सहायता के लिए खेला गया था। यह यूक्रेन की रूस के साथ युद्ध के बाद पहली जीत है। यह



मुकाबला बोरोसिया पार्क स्टेडियम में खेला गया।

रूसी हमले के 77 दिन बाद बुधवार को यूक्रेन की फुटबॉल टीम खेलने उतरी तो उसका हौसला बढ़ाने के लिए हजारों दर्शक यूक्रेनी झंडे के साथ स्टेडियम में मौजूद थे। इनमें से कई के हाथों में यूक्रेनी खिलाड़ियों और उनके देश के सपोर्ट में लिखे संदेश के पोस्टर थे। संघर्ष पीड़ितों की मदद के लिए फंड एकत्रित करने के लिए आयोजित इस मुकाबले पर यूक्रेन के पूर्व इंटरनेशनल खिलाड़ी एंड्री वरोनिन ने एक जर्मन चैनल से बातचीत करते हुए कहा कि यह मुकाबला हमारी टीम और देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण था। हम महसूस कर रहे हैं कि हम अकेले नहीं हैं, पूरी दुनिया हमारे पीछे खड़ी है।

### वर्ल्ड कप की तैयारी के लिहाज से अहम

यह मुकाबला यूक्रेन की वर्ल्ड कप की तैयारी के हिसाब से अहम मना जा रहा है। यूक्रेन को 1 जून को स्कॉटलैंड से फीफा वर्ल्ड कप प्ले ऑफ का सेमीफाइनल मुकाबला खेलना है। इस मुकाबले को जीतने वाली टीम चार दिन बाद कतर में होने वाले वर्ल्ड कप में जगह बनाने के लिए वेल्स का सामना करेगी।

### महज एक हफ्ते ट्रेनिंग की

यूक्रेन की टीम ने महज एक हफ्ते ट्रेनिंग की है। पिछले सप्ताह टीम के कोच ऑलेक्ज़ेंडर पेट्राकोव ने यूक्रेनी क्लबों के 23 खिलाड़ियों को जुब्लज़ाना के पास स्लोवेनिया एफए के ट्रेनिंग सेंटर में तैयारी शुरू करने के लिए एकत्रित किया था।

## लखनऊ को ध्वस्त कर गुजरात प्लेऑफ में

**पुणे ।** अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान (24 रन पर चार विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर गुजरात टाइटंस ने मंगलवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स को 62 रन से धूल चटाते हुए आईपीएल 2022 के प्लेऑफ में प्रवेश कर लिया।

गुजरात ने चार विकेट के नुकसान पर 144 रन बनाये और लखनऊ को 135 ओवर में में मात्र 82 रन पर ढेर कर दिया। गुजरात की 12 मैचों में यह नौवीं जीत है और वह 18 अंकों के साथ प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम बन गयी है। लखनऊ को 12 मैचों में चौथी हार का सामना करना पड़ा लेकिन वह 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है।

गुजरात की पारी में सलामी बल्लेबाज़ शुभमन गिल ने सात चौकों की मदद से सबसे ज़्यादा 63 रन बनाये, लेकिन उन्होंने इस निजी स्कोर के लिए 49 गेंदें खेलीं। इसके अलावा ओपनिंग करने उतरे ऋद्धिमान साहा ने 11 गेंदों पर पांच रन, मैथ्यू वेड ने सात गेंदों पर 10 रन और कप्तान हार्दिक पांड्या ने 13 गेंदों पर 11 रन बनाये। डेविड मिलर के 26 (24) और राहुल तेवतिया के 22(16) की बदौलत गुजरात लखनऊ को 145 रन का लक्ष्य दे पाई। सूपरजाइंट्स के तेज़ गेंदबाज़ आवेश ख़ान ने अपने चार ओवरों में 26 रन देकर दो विकेट झटके, जबकि मोहसिन खान ने अपने चार ओवरों में एक विकेट के बदले 18 रन दिये। कृणाल पांड्या ने अपने चार ओवर के कोटे में 24 रन दिये। लखनऊ की इकोनॉमिकल गेंदबाज़ी के बीच महंगे साबित हुए जेसन होल्डर ने 41 रन देकर एक विकेट लिया।

### एक नजर

प्लेऑफ की एक टीम हुई फाइनल

## अब 8 टीमों के बीच 3 पायदानों के लिए होगी जंग

**नई दिल्ली ।** आईपीएल 2022 पॉवन्टस टेबल की बात करें तो हार्दिक पांड्या की कप्तानी वाली गुजरात टाइटन्स ने फिर से टॉप पर कब्जा जमा लिया है। 18 अंक गुजरात की टीम ने हासिल कर लिए हैं और इसी के साथ इस टीम ने आईपीएल 2022 के प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर लिया है। अभी तक लखनऊ सुपर जाएंट्स पहले पायदान पर थी। दोनों टीमों के खाते में 16-16 अंक थे, लेकिन नेट रन रेट लखनऊ का बेहतर था। वहीं, आईपीएल 2022 के प्लेऑफ के लिए अब एक टीम फाइनल हो गई है, जबकि बाकी बचे तीन पायदानों के लिए अब 8 टीमों में जंग होगी, क्योंकि मुंबई इंडियंस प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गई है। गुजरात ने क्वालीफाई कर लिया है, जबकि मुंबई बमुश्किल 10 अंकों तक पहुंच पाएगी। ऐसे में बाकी 8 टीमों के पास प्लेऑफ में पहुंचने का मौका है, लेकिन अपने दम पर क्वालीफाई करने का मौका कुछ ही टीमों के पास है।

मौजूदा समय में आईपीएल 2022 के प्लेऑफ के बाकी बचे तीन पायदानों पर कब्जा जमाने का मौका लखनऊ सुपर जाएंट्स, राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के पास है। यही वो टीमें हैं, जिनके खाते में 14 या इससे ज्यादा अंक हैं। लखनऊ के खाते में 16, राजस्थान और बैंगलोर के खाते में 14-14 अंक हैं। दिल्ली कैपिटल्स, सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स के पास 16-16 अंकों तक पहुंचने का मौका है।

## हार के बाद केएल राहुल के चेहरे पर दिखी टेंशन, इन पर फोड़ा ठीकरा

**नई दिल्ली ।** आईपीएल 2022 में मंगलवार को केएल राहुल की कप्तानी वाली लखऊ सुपर गेंट टीम को गुजरात टाइटन के खिलाफ 62 रनों से हार का सामना करना पड़ा। लखनऊ सुपर जायन्ट्स ने गुजरात टाइटन्स को 144 रनों पर रोक दिया था, लेकिन जवाब में पूरी टीम महज 82 रनों पर सिमट गई।केएल राहुल ने गेंदबाजों को पूरा श्रेय दिया लेकिन हार के लिए बल्लेबाजों को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा, हम सभी को पता है कि यह विकेट बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं है। हमने यहां जो पिछले दो या तीन मैच खेले उसमें ऐसा ही हुआ। हमें पता था कि यह पिच बल्लेबाजी के लिए चुनौतीपूर्ण है। लेकिन मुझे लगता है कि हमने काफी अच्छी गेंदबाजी की। राहुल ने कहा, किसी भी पिच पर विरोधी टीम को 150 रन से कम के स्कोर पर रोकना सराहनीय है। हमें हालांकि बेहतर बल्लेबाजी करनी चाहिए थी। कुछ खराब शॉट चयन और रन आउट से स्थिति और खराब हो गई। उम्मीद करते हैं कि इस मुकाबले से सबक लेंगे।

## धीमी पारी के ट्रोल हुए मैन ऑफ द मैच शुभमन गिल ने ट्वीट से जीता सबका दिल

**नई दिल्ली ।** गुजरात टाइटन के सलामी बल्लेबाज गील ने लखनऊ सुपर जायन्ट्स के खिलाफ मंगलवार को खेले गए मैच में 49 गेंद पर नॉटआउट 63 रनों की पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से सात चौके निकले। गिल ने 128.27 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए, जिसके लिए उन्हें काफी ट्रोल भी किया गया। धीमी बल्लेबाजी के लिए ट्रोल हुए शुभमन मैच के बेस्ट स्कोरर ही नहीं मैन ऑफ द मैच भी चुने गए। दरअसल पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में रन बनाना सभी बल्लेबाजों के लिए काफी मुश्किल साबित हुआ।

टेनिस को मिला नया राफेल नडाल

## जिन खिलाड़ियों की चुनौती को एक पूरी पीढ़ी नहीं भेद पाई, उन्हें 19 साल के अल्कराज ने ललकारा

विश्व टेनिस में स्पेन के कार्लोस अल्कराज एक बड़े खिलाड़ी के रूप में उभर रहे हैं। क्ले कोर्ट मैड्रिड ओपन में लगातार दो दिनों में कार्लोस अल्कराज ने पहले राफेल नडाल को हराया, और उसके बाद नोवाक जोकोविच को हराकर सबको चौंका दिया। टूर्नामेंट के फाइनल में 19 वर्षीय अल्कराज ने गत चैंपियन ज्वेरेव को सीधे सेटों में 6-3, 6-1 से हराकर टूर्नामेंट अपने नाम कर लिया। सेमीफाइनल मुकाबले में अल्कराज से हारने के बाद जोकोविच भी उनसे काफी प्रभावित नजर आए। जोकोविच ने कहा कि जिस तरह अल्कराज ने प्रेशर को संभाला वो काफी सराहनीय है और इतनी कम उम्र में



उसकी खेल में मैच्योरिटी मुझे काफी हैरान करती है। नडाल और जोकोविच दोनों को क्ले कोर्ट में हराने वाले अल्कराज पहले खिलाड़ी बने। अल्कराज की इस जीत के बाद अन्य बड़े टेनिस स्टार्स ने भी उनकी काफी तारीफ की थी, और उनके इस शानदार प्रदर्शन के हर कोई यही बात कर रहा था कि क्या टेनिस की दुनिया को नया राफेल नडाल मिल गया है? अल्कराज की राफेल नडाल जैसे महान खिलाड़ी से तुलना का एक स्वाभाविक कारण तो ये है कि दोनों ही खिलाड़ी स्पेन से हैं। और अल्कराज ने इतनी कम उम्र में जो गजब का खेल दिखाया है और नाम कमाया है, कुछ ऐसा ही खेल और प्रभाव राफेल नडाल का भी था।

वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप

## भारतीय महिलाओं का जलवा; निखत, परवीन और मनीषा अगले दौर में

**इस्तांबुल।** इस्तांबुल में चल रही वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारतीय महिलाओं का जलवा बरकरार है। निखत जरीन (52 किग्रा), परवीन (63 किग्रा) और मनीषा (57 किग्रा) ने बुधवार को अपने मुकाबले जीतकर अगले राउंड में पहुंच गई हैं। जरीन ने शुरूआती मुकाबले में मेक्सिको की हेरेरा अल्वारेज को 5-0 से, जबकि परवीन ने युक्रेन की मारिया बोवा को एकतरफा मुकाबले में इसी अंतर से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। वहीं 57 किलो वेट में मनीषा ने नेपाल की काला थापा को हराकर तीसरे राउंड में पहुंची। इससे पहले मनीषा को पहले राउंड में बाई मिली थी। निखत जरीन ने इस



साल के शुरुआत में स्ट्रैंड्जा मेमोरियल में गोल्ड मेडल जीता था। इस साल के शुरुआत में स्ट्रैंड्जा मेमोरियल में गोल्ड मेडल जीतने वाली निखत जरीन ने अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा और पहले राउंड में आसानी से अल्वारेज़ को हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। तेलंगाना की 25 साल की जरीन का सामना 2021 एशियाई चैम्पियनशिप की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट मंगोलिया की लुटसाइखानी अल्तांतसेतसेग से होगा।

कलेक्टर ने मनरेगा अंतर्गत चल रहे तालाब गहरीकरण कार्यों का किया औचक निरीक्षण

# गहरीकरण कार्य बरसात के पहले पूर्ण करें- कलेक्टर





गौरेला-पेंड्रा-मरवाही । कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज पेंड्रा जनपद क्षेत्र के सेवरा, पिपलामार और झाबर गांव में मनरेगा के तहत चल रहे तालाब गहरीकरण के कार्यों का औचक निरीक्षण किया।

## जरूरतमंद किसान और मजदूरों के लिए प्राथमिकता से पशु शेड बनाने के दिए निर्देश

उन्होंने तालाब गहरीकरण कार्य बरसात के पहले पूर्ण करने और जिले के जरूरतमंद किसानों और मजदूरों के लिए प्राथमिकता से पालतु पशुओं के लिए शेड का निर्माण कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने तालाब गहरीकरण कार्य में लगे मजदूरों का मस्टर रोल और उनकी उपस्थिति का निरीक्षण किया। उन्होने सरपंच एवं सचिवों को मजदूरों की संख्या बढ़ाने, कार्य स्थल पर छाया-पानी की उचित व्यवस्था करने, गांव के जरूरतमंद लोगों के लिए व्यक्तिमूलक कार्य के तहत बकरी, मुर्गी, गाय आदि पालतु पशुओं के लिए शेड निर्माण करने, भूमि सुधार, डबरी निर्माण के कार्य आदि कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होने कार्य स्थल पर 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे कार्य न करें इस बात का विशेष ध्यान रखे जाने कहा। निरीक्षण के दौरान उन्होने उपस्थित मजदूरो से व्यक्तिगत रूप से चर्चा करते हुए उनके कार्य स्थल पर आने और जाने आदि महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर जानकारी ली तथा तालाब गहरीकरण कार्य में पानी निकासी की व्यवस्था, इनलेट-आउटलेट आदि तकनीकी बिन्दुओं पर विशेष ध्यान दिए जाने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने परियोजना निदेशक ( डीआरडीए ) को अमृत सरोवर योजना के तहत तालाबों के किनारे पौधारोपण आदि विकास कार्य कराने, कुदरी और झाबर के बीच नाला साफ-सफाई करवाने, कुदरी गांव के प्रवेश स्थल पर पाइप पुलिया का निर्माण कराने तथा पहुंच मार्ग का मरम्मत कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होने उपस्थित सचिव तथा सरपंचों से गांवों में चल रहे अन्य कार्यों की भी जानकारी ली तथा गांवों के विकास में पूर्ण निष्ठा से कार्य करने कहा। निरीक्षण के दौरान परियोजना निदेशक ( डीआरडीए ) श्री आर के खूंटे, सरपंच, सचिव तथा संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय संरक्षक सत्यनारायण शर्मा मिले विप्र फाउंडेशन सदस्यों से, रायगढ़ दौरे में हुई विस्तार से चर्चा

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

विप्र समाज के अग्रणी संस्था विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय संरक्षक सत्यनारायण शर्मा विधायक रायपुर ग्रामीण का रायगढ़ दौरा हुआ। इस दौरान विप्र फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष रामचन्द्र शर्मा सहित सभी पदाधिकारियों से मुलाकात हुई।



प्रदेश सचिव अनूप शर्मा के माध्यम से प्रदेश सह मीडिया प्रभारी कमल शर्मा ने बताया कि निजी दौरे पर आये हुए विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय संरक्षक सत्यनारायण शर्मा के आगमन पर प्रदेश अध्यक्ष रामचन्द्र शर्मा सहित सभी ने बुके देकर सम्मान किया। प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा होने के पश्चात यह पहला रायगढ़ दौरा था जिसमें विप्र फ ाउंडेशन की गतिविधियों एवं कार्यकारिणी पर चर्चा हुई। सभी सदस्यों ने आशीर्वाद प्राप्त किया।

भविष्य की योजनाओं पर चर्चा हुई। चर्चा के दौरान विप्र फ ाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष रामचन्द्र शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, प्रदेश सचिव अनूप शर्मा, प्रदेश सह सचिव आदित्य शर्मा, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष अजय विक्की शर्मा, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी कमल शर्माए प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अजय शर्माए जिला अध्यक्ष रायगढ़ विजय शर्मा मार्बल सहित अनेक पदाधिकारी शामिल रहे।

## सामाजिक समरसता के लिए खतरा हैं लव जिहाद के मामले - रामू नेताम

भाजपा नेता ने लव जिहाद को प्रेम नहीं षड़यंत्र का हिस्सा बताया

**दंतेवाड़ा** । भाजपा नेता रामू नेताम ने इन दिनों बढ़ रहे लव जिहाद के मामलों को लेकर उन्होने बताया कि विगत कुछ वर्षों से देश के विभिन्न राज्यों में लगातार लव जिहाद के प्रकरण सामने आ रहे हैं, इसकी वजह से न केवल दो समुदायों की बीच वैमनस्यता बढ़ रही है, अपितु ये एक गंभीर संकट को आमंत्रित कर रही है। नेताम की माने तो लव जिहाद कोई प्रेम संबंध की तरह नहीं है, इसे एक सुनियोजित षड़यंत्र की तरह क्रियान्वित किया जा रहा है, क्योंकि कई मामलों में देखा गया है कि समुदाय विशेष के लड़के पहले तो नाम बदलकर लड़की से मिलते हैं, और जब लड़की पूरी तरह उनके मोहपाश में जकड़ जाती है, तो उसे समुदाय विशेष के धर्म की प्रैक्टिस कराई जाती है। उन्होने इस बात को लेकर अत्यंत चिंता जाहिर करते बताया कि दंतेवाड़ा जैसे शांत और सांस्कृतिक रूप से वैभवशाली स्थान में भी ऐसे प्रकरण बढ़ने लगे हैं। समुदाय विशेष के लोग जीविकोपार्जन के लिए आते हैं, और यहां की दूसरे धर्मों की लड़कियों को अपने प्रेम के जाल में फांस लेते हैं। इसलिए इस पर कठोर कार्रवाई की आवश्यकता है, विशेषकर प्रदेश सरकार को इस पर कानून लाना चाहिए।

## केंद्रीय जेल जगदलपुर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**जगदलपुर** । छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशन में सप्ताह में एक दिन केन्द्रीय जेल में जेल समीक्षा दिवस का आयोजन किया जाता है। जेल समीक्षा दिवस के अवसर पर जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष आलोक कुमार द्वारा केन्द्रीय जेल में निरूद्ध पुरूष एवं महिला बंदियों के बीच पृथक-पृथक विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त विधिक साक्षरता शिविर में जिला न्यायाधीश आलोक कुमार द्वारा केन्द्रीय जेल में निरूद्ध पुरूष एवं महिला बंदियों को जेल में रहने के दौरान उनके अधिकारों से अवगत कराया गया तथा उन्हें नि:शुल्क कानूनी सलाह एवं सहायता के बारे में बताते हुए उनके विधिक अधिकारों की जानकारी प्रदान की गई।

# चित्रकोट वाटरफॉल पर हो रही वेब-सीरीज की शूटिंग

छोटे पर्दे के हॉट स्टार प्लेटफॉर्म पर दिखेगी बस्तर की झलक

**जगदलपुर।** चित्रकोट के मनोहारी जलप्रपात में हॉट स्टार के वेब सीरीज की शूटिंग शुरू हो गई है। इस वेब सीरीज में जाने-माने अभिनेता परेश रावल के पुत्र आदित्य रावल, आशीष विद्यार्थी, नकुल सहदेव सहित कई नामचीन कलाकार काम कर रहे हैं। तीन दिनों की शूटिंग पर बस्तर पहुंचे इस 200 सदस्यीय दल ने आज चित्रकोट जलप्रपात में एक्शन मास्टर परवेज शेख के निर्देशन में स्टंट सीन की शूटिंग की। तीन दिनों तक चलने वाली इस शूटिंग के पहले दिन कलेक्टर रजत बंसल ने आज शूटिंग दल के सदस्यों से मुलाकात की।

वेब सीरीज बना रहे इस दल के सदस्यों ने बस्तर के प्राकृतिक सौंदर्य की सराहना करने के साथ ही वेब सीरीज के निर्माण के लिए जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की भी प्रशंसा की गई। कलेक्टर बंसल के साथ मुलाकात के दौरान फिल्म की शूटिंग करने पहुंचे दल ने बस्तर के प्राकृतिक सौंदर्य की जमकर सराहना करते हुए आगामी दिनों में भी यहां आने की बात कही। कलेक्टर बंसल ने कहा कि भारत के नियाग्रा के नाम से प्रसिद्ध चित्रकोट जलप्रपात के साथ ही यहां कई मनोरम स्थान मौजूद हैं।



**मंझे हुए कलाकारों की मौजूदगी में हो रही सीरीज शूट**

बस्तर में वेब सीरीज के निर्माण के लिए जाने-माने कलाकारों की उपस्थिति एक महत्वपूर्ण अवसर है तथा यह बस्तर के उज्जवल भविष्य की ओर इशारा भी करता है। उन्होंने कहा कि इससे निश्चित तौर पर बस्तर के प्राकृतिक और सांस्कृतिक सौंदर्य से विश्व परिचित होगा और बस्तर के पर्यटन पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव दिखाई देगा।



## एक नजर

### विषम परिस्थितियों में गुजारा कर रहे परिवार को मुख्यमंत्री ने दिए एक लाख रूपए



**रायपुर** । मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने सूरजपुर निवासी एक जरूरतमंद परिवार की सहायता के लिए स्वयं के स्वेच्छानुदान मद से एक लाख रूपए की राशि स्वीकृत की है। श्रीमती सविता गुप्ता ने मुख्यमंत्री को आवेदन देकर बताया था कि उनके पति 60 प्रतिशत विकलांग हैं। उनका शरीर काम नहीं करता है। ऐसे में दो बच्चों के पालन-पोषण में समस्या होती है। रहने को उनके पास घर भी नहीं है। वे स्वयं फल बेचकर परिवार का गुजार-बसर करती हैं। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने परिवार की विषम परिस्थितियों के मद्देनजर नियमों को शिथिल करते हुए एक लाख रूपए की सहायता स्वीकृत की है।

### आईटीआई कोनी में कैम्पस का आयोजन 18 मई को

**बिलासपुर** । औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, कोनी में 18 मई 2022 को विभिन्न व्यवसायों के लिए कैम्पस का आयोजन किया जा रहा है। कैम्पस में प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटर, सीओई (ऑटोमोबाईल), फिटर, मोटर मैकेनिक, वेल्डर, मशीनिष्ट, इलेक्ट्रिशियन, टूल एण्ड डाई मेकर, टर्नर, डीजल मैकेनिक, ट्रैक्टर मैकेनिक, पेंटर जनरल के वर्ष 2017 से वर्ष 2021 के बीच उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी भाग ले सकते हैं। ऐसे प्रशिक्षणार्थी जिनकी आयु 18 से 23 वर्ष के मध्य है, 10 वीं में न्यूनतम 50 प्रतिशत एवं आईटीआई में न्यूनतम 60 प्रतिशत है। वे 18 मई को सुबह 10 बजे 10वीं, 12वीं, आईटीआई, पेन कार्ड, आधार कार्ड की मूल एवं दो छायाप्रति, वर्तमान पासपोर्ट फोटो की 3 प्रति के साथ उपस्थित हो सकते है।

### आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए आवेदन 18 मई तक

**बिलासपुर** । विकासखण्ड बिल्हा के ग्राम नगाराडीह में आंगनबाड़ी सहायिका के एक रिक्त पद के लिए आवेदन आमंत्रित किये गये थे। आवेदन कम प्राप्त हाने की स्थिति में आवेदन की तिथि बढ़ाते हुए आवेदन की तिथि 18 मई तक कर दी गई है। प्रकाशित सूची कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत बिल्हा एवं कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना बिल्हा के सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है। इच्छुक उम्मीदवार कार्यालय में कार्यालयीन समय में आवेदन कर सकते है।

### जिले में 30 परिवहन सुविधा केन्द्र खोले जाएंगे

आवेदन 27 मई तक आमंत्रित

**बिलासपुर** । परिवहन विभाग द्वारा जिले में 30 नये परिवहन सुविधा केन्द्र खोले जाएंगे। इन केन्द्रों के जरिये वाहन चालकों के लिये नये लर्निंग लाईसेंस बनाये जाएंगे। सुविधा केन्द्र खोलने के इच्छुक लोगों अथवा संस्थाओं से आवेदन लेने का काम 11 मई से शुरू हो गया है। आवेदन की अंतिम तिथि 27 मई को शाम 5 बजे तक निर्धारित की गई है। आवेदन सीपत रोड लगरा स्थित आरटीओ कार्यालय के कक्ष क्रमांक 15 में रखे बॉक्स में जमा कराये जा सकते हैं। जिले में प्रस्तावित 30 सुविधा केन्द्रों में कलेक्टर कार्यालय के आस-पास, राजेन्द्र नगर,, जरहाभांठा, मंगला, उसलापुर, व्यापार विहार, चुचुहियापारा, तोरवा तेलीपारा, जूना बिलासपुर, तारबहार, मोपका, राजकिशोर नगर, अशोक नगर, दयालबंद, रतनपुर, सकरी, तिफरा, बोदरी, मल्हार, बिल्हा, कोटा, मस्तुरी, जोंधरा, तखतपुर, सीपत, कोनी, बेलतरा, बेलगहना शामिल हैं। जिला परिवहन अधिकारी श्री बेक ने बताया कि 30 मई को आवेदन पत्र पेटी खोले जाएंगे एवं छटनी की जायेगी। छांटने के बाद 1 जून को पात्र आवेदकों की सूची जारी की जायेगी। सूची पर दावा एवं आपत्ति लेने का काम 2 एवं 3 जून तक किया जा सकेगा। इसके उपरांत पात्र आवेदकों द्वारा प्रस्तावित की गई स्थलों का भौतिक निरीक्षण किया जायेगा। भौतिक निरीक्षण के बाद पात्र आवेदकों की सूची का प्रकाशन 9 जून को किया जायेगा। आवेदन पत्र का निर्धारित शुल्क 200 रूपये ऑनलाईन माध्यम से जमा किया जायेगा। विस्तृत जानकारी सरकारी वेबसाईट बिलासपुर डॉट जीओव्ही डॉट इन से प्राप्त की जा सकती है। परिवहन सुविधा केन्द्र खोलने हेतु कोई व्यक्ति, संगठन, संघ, पंजीकृत स्व सहायता समूह, सहकारी समिति अथवा विविध ईकाई आवेदन कर सकते हैं।

# सड़क किनारे खड़े ट्रक में लगाई आग

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में सड़क किनारे ट्रक खड़ी करने को लेकर कार सवार दो बदमाशों ने विवाद शुरू कर दिया। इस दौरान ट्रक चालक को जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया। फिर ट्रक के केबिन में पेट्रोल डालकर आग लगा दी। इस घटना का CCTV फुटेज भी सामने आया है, जिसमें दोनों बदमाश ट्रक में आग लगा कर जला रहे हैं, जिससे ट्रक जल गया। हालांकि, बाद में आग को बुझा लिया गया। पुलिस ने मामले में दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना कोटा थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार कोटा के करगीरोड निवासी संतोष कुमार गुप्ता ट्रक ट्रांसपोर्ट का काम करता है। चालक अशोक मानिकपुरी बुधवार दोपहर रेलवे स्टेशन की तरफ से माल अनलोड कर उसके घर के पास आया और ट्रक खड़ी कर पैसे लेने चला गया। ट्रक आनंद धरम कांटा के पास वजन कराने के लिए खड़ी थी। तभी दोपहर करीब तीन बजे कार



क्रमांक CG/10- BH 7540 में सवार दो युवक आए। उन्होंने ट्रक को खड़ी कर जाम लगाने के नाम पर विवाद शुरू कर दिया।

इस दौरान आरोपी युवकों ने चालक अशोक मानिकपुरी से गाली-गलौज करते हुए उसे जान से मारने की धमकी। ट्रक मालिक संतोष पहुंचा तो उससे भी गालियां दी। इसके बाद दोनों युवक वहां से चले गए। आरोप है कि कुछ देर बाद करीब 3.30 बजे फिर दोनों युवक आए और आनंद धरम कांटा के पास चालक के साथ गाली-गलौज कर उसे भगा दिया। इसके बाद ट्रक के केबिन में पेट्रोल डालकर आग लगा दी।

## दोनों आरोपी गिरफ्तार

**TI दिनेश चंद्रा ने बताया कि इस मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी कार चालकों की पतासाजी की। जांच के दौरान पता चला कि कार सवार युवक तोरवा थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस ने जानकारी जुटाकर तोरवा के लालखदान निवासी आरोपी संजय पांडेय और तोरवा के गुरुनानक चौक निवासी विक्की उर्फ मैक्स जोसेफ को गिरफ्तार कर लिया है।**

# मुख्य सचिव ने शिल्पनगरी पहुंच समर कैंप के बच्चों का किया प्रोत्साहन

**कोण्डागांव** । मुख्य सचिव अमिताभ जैन द्वारा जिला मुख्यालय के चिखलपुटी स्थित शिल्पनगरी, उड़ान आजीविका केंद्र, वन चेतना केंद्र एवं लाइवलीहुड कॉलेज स्थित गार्मेंट का निरीक्षण किया। इस दौरान वे सर्वप्रथम शिल्पनगरी पहुंचे। जहां उन्होंने एम्पोरियम में जिले के विख्यात कलाकारों द्वारा बनाई गई शिल्पकृतियों का अवलोकन कर नवाचारी डिजाइनों के माध्यम से किए जा रहे शिल्पकृतियों के निर्माण की प्रशंसा करते हुए उपस्थित शिल्पकारों की सराहना कर उनसे चर्चा भी की गई। इस अवसर पर उन्होंने शिल्पनगरी में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार जिले की गोठानो एवं स्व सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की विक्रय हेतु बनाए जा रहे आधुनिक सी मार्ट का भी अवलोकन किया। मुख्य सचिव द्वारा सी मार्ट में स्थानीय स्वसहायता समूह द्वारा आने वाले उत्पादों में भिन्नता लाते हुए जल्द से जल्द इसका संचालन प्रारम्भ करने को कहा।



### समर कैम्प में आये बच्चों के साथ खिंचाई फ़ोटो

मुख्य सचिव द्वारा शिल्पनगरी में निरीक्षण के दौरान समर कैम्प में आये बच्चों से मुलाकात की। समर कैंप के बच्चों द्वारा माटी शिल्प, बेल मेटल, तुमा शिल्प, पेंटिंग, भित्ति शिल्प में बच्चों द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए बच्चों से चर्चा कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। मुख्य सचिव द्वारा इन समर कैंपों में और अधिक रचनात्मक गतिविधियों को जोड़कर इसे और अधिक प्रभावी बनाने का सुझाव दिया। इस दौरान मुख्य सचिव को अपने बीच पा कर बच्चों में अलग ही उत्साह दिखा। उन्होंने मुख्य सचिव को अपने द्वारा बनाई गई कलाकृतियों को दिखाया गया। जिस पर मुख्य सचिव द्वारा बच्चों एवं उनकी कलाकृतियों साथ फोटो लेकर उन्हें शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रेम प्रकाश शर्मा, एसडीएम चित्रकांत ठाकुर, जनपद सीईओ भूपेंद्र जोशी, तहसीलदार विजय मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### वन चेतना केंद्र की मुख्य सचिव ने की प्रशंसा

वन विभाग द्वारा मर्दापाल मार्ग पर नवनिर्मित वन चेतना केंद्र पहुंच मुख्य सचिव द्वारा यहां के वातावरण की तारीफ करते हुए यहां योग हेतु योगाभ्यास स्थल, ओपन जिम, सेल्फी जोन, काष्ट कला केंद्र, बैठने की उत्तम व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए इनको और भी विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

### गार्मेंट फैक्ट्री में पहुंच किया अवलोकन

अपने प्रवास के दौरान मुख्य सचिव द्वारा लाइवलीहुड कॉलेज में संचालित किए जा रहे हैं गारमेंट फैक्ट्री का भी अवलोकन किया गया जहां उन्होंने फैक्ट्री में पूर्णत: महिलाओं द्वारा कार्य करा कर विख्यात कंपनी डीक्सी स्कॉट को अब तक किए गए एक करोड़ से अधिक के माल आपूर्ति पर बधाई देते हुए फैक्ट्री में कार्यरत महिलाओं से चर्चा की गई।

# राजस्व प्रकरणों को ऑनलाईन दर्ज कर निराकरण में लाएं तेजी-संभाग आयुक्त

## धरमजयगढ़ तहसील कार्यालय के निरीक्षण में पहुंचे संभाग आयुक्त डॉ.संजय अलंग

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

संभाग आयुक्त डॉ.संजय अलंग आज रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ के अनुविभागीय व तहसील कार्यालय के निरीक्षण में पहुंचे। यहां उन्होंने राजस्व से जुड़े कामकाज की समीक्षा की। एसडीएम, तहसीलदार व नायब तहसीलदार न्यायालय में लंबित व निराकृत प्रकरणों की उन्होंने जांच की। इस दौरान उन्होंने राजस्व अभिलेखों के संधारण का भी अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कानूनगो शाखा में पंजियों के व्यवस्थित संधारण नहीं होने पर प्रभारी कर्मचारी को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए तथा अगले 15 दिनों में सभी पंजियों को अद्यतन करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल, अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी, डिप्टी कमिश्नर बिलासपुर अखिलेश साहू भी उपस्थित रहे।

संभाग आयुक्त डॉ.अलंग ने तहसील कार्यालय के स्टॉफ को निर्देशित करते हुए कहा कि राजस्व मामलों का समय से निराकरण करना सभी राजस्व अधिकारियों का प्राथमिक दायित्व है। अत: तहसील अंतर्गत लंबित प्रकरणों का जल्द निराकरण करें। उन्होंने पटवारियों द्वारा समय पर प्रतिवेदन नहीं दिए जाने को लेकर नाराजगी जताई और एसडीएम को निर्देशित किया कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी के लिए पटवारियों से समय से प्रतिवेदन लिया जाए। संभाग आयुक्त डॉ.अलंग ने तहसीलदार न्यायालय अंतर्गत सिविल मामलों के लंबित प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होंने प्रकरणों के आर्डर शीट का अवलोकन किया। कुछ प्रकरणों में पटवारी से प्रतिवेदन अपेक्षित होने पर समय से उसे मंगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यहां आने वाले किसान तथा अन्य पक्षकारों को जल्द से जल्द उनके प्रकरण का निराकरण करके दिया जाए। इसके साथ ही उन्होंने बी-1, बी-2, बी-3, सी-1, सी-2 की जानकारी ली। उन्होंने नायब तहसीलदार न्यायालय के प्रकरणों की भी समीक्षा की। साथ ही नाजिर शाखा, आवक-जावक, माल जमादार, कानूनगो शाखाओं के काम-काज का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर संयुक्त कलेक्टर डिगेश पटेल, एसडीएम धरमजयगढ़ सीमा पात्रे, तहसीलदार भोजराम डहरिया, प्र.तहसीलदार छाल बाज, नायब तहसीलदार लीलाधर चंद्रा व अर्पण कुर्रे सहित तहसील कार्यालय के समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे।





### प्रकरण ऑनलाईन दर्ज करें व समय-सीमा में उनका निराकरण सुनिश्चित हो

संभाग आयुक्त डॉ.संजय अलंग ने धरमजयगढ़ जनपद कार्यालय के सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अनुविभाग अंतर्गत राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। जिसके तहत उन्होंने अविवादित एवं विवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, बंटवारा, जैसे प्रकरणों की तहसीलवार जानकारी ली। उन्होंने सभी अधिकारियों को प्रकरणों को ऑनलाईन दर्ज करने तथा समय-सीमा में उनके निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति से प्राप्त आवेदन का समुचित परीक्षण कर प्रक्रियानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। जिससे आवेदक का प्रकरण जल्द निराकृत हो। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के कामकाज की रूटिन में समीक्षा करने के निर्देश दिए। जिससे कार्य में कसावट आए।



### संभागायुक्त डॉ.अलंग ने भगवती नायक को सौंपा नामांतरण का दस्तावेज

अपने दौरे के दौरान उन्होंने तहसील कार्यालय पहुंचे, लोगों से भी चर्चा की। जिसमें धरमजयगढ़ तहसील के ग्राम ओंगना की भगवती नायक भी पहुंची हुयी थी। उन्होंने चर्चा के दौरान संभाग आयुक्त डॉ.संजय अलंग को बताया कि वे अपने इस काम के सिलसिले में पहली बार तहसील कार्यालय में आयी है वो भी अपना कार्य पूर्ण होने के पश्चात दस्तावेज लेने के लिए। संभाग आयुक्त डॉ. अलंग ने जब उनसे इस बारे में विस्तार से पूछा तो उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने गांव में पटवारी को फौती नामांतरण के लिए आवेदन दिया था। जिसका निराकरण ई-नामांतरण प्रक्रिया के तहत हो गया है। इसके लिए उन्हें तहसील कार्यालय आने की जरूरत नहीं पड़ी थी। आज वे कार्यालय में प्रथम बार सीधे अपने दस्तावेज लेने आयी है। उन्होंने राजस्व प्रक्रियाओं के सरलीकरण के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की और उसे नागरिकों के लिए श्रम व समय की दृष्टि से बेहद सुविधाजनक बताया।



एक नजर

## बच्चों के सर्वांगीण विकास पर हो शिक्षकों का फोकस-संभागायुक्त डॉ.संजय अलंग

### स्वामी आत्मानंद स्कूल के निरीक्षण में पहुंचे संभागायुक्त डॉ.अलंग

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



संभाग आयुक्त डॉ.संजय अलंग आज रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ के स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने नये भवन में तैयार किए गए क्लास रूम, लाईब्रेरी, लेबोरेट्री, इंडोर स्पोर्ट्स रूम का निरीक्षण कर सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने सभी टीचर्स की भी एक बैठक ली। जिसमें उन्होंने शिक्षकों से स्वामी आत्मानंद स्कूल में अध्यापन पर चर्चा की। उन्होंने टीचर्स से कहा कि यहां सभी वर्गो के बच्चे पढ़ने आते है, इसका विशेष ध्यान रखते हुए सारे टीचर्स बच्चों से जुड़कर उनके सर्वांगीण विकास पर फोकस करें। उन्होंने कहा कि यह शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण पहल है जिसमें दूर-दराज के बच्चों को भी शासकीय स्कूलों के माध्यम से अंग्रेजी मीडियम में शिक्षा प्रदान की जा रही है, ताकि वे प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिताओं के लिए तैयार हो सके। उन्होंने शिक्षकों से चर्चा के बाद कहा कि यहां की टीम अच्छी है तथा यहां बच्चों में भी काफी संभावनाएं है। यदि हमारे इस विद्यालय के बच्चे शैक्षणिक गतिविधियों खेल व एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज में राज्य व राष्ट्रीय स्तर में अपना स्थान बनाए तो यह हमारे लिए अत्यंत गर्व का विषय होगा।

इस दौरान सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल, डीएफओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत, अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी, डिप्टी कमिश्नर बिलासपुर अखिलेश साहू, संयुक्त कलेक्टर डिगेश पटेल, संयुक्त संचालक शिक्षा आर.एन.हीराधर, एसडीएम धरमजयगढ़ सीमा पात्रे, डीईओ आर.पी.आदित्य, डीएमसी आर.के.देवांगन, सीईओ धरमजयगढ़ आज्ञामणी पटेल सहित स्कूल के प्राचार्य व स्टाफ उपस्थित रहे।

### बच्चों से कहा खूब मन लगाकर पढ़े, आप है हमारा भविष्य

इस दौरान उन्होंने स्कूल के कुछ बच्चों से भी मुलाकात की व स्कूल के बारे में उनसे फीडबैक लिया। कक्षा 9 वीं की छात्रा नैना मंडल ने बताया कि उन्हें इस स्कूल में काफी सहयोगात्मक माहौल मिल रहा है तथा शिक्षकों से भी नियमित रूप से मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है। दूसरे बच्चों ने भी अपने अनुभव साझा किए। संभागायुक्त डॉ.अलंग ने इस पर खुशी जतायी और बच्चों से कहा कि खूब मन लगाकर पढ़े क्योंकि आप सभी हमारे भविष्य है। उन्होंने स्कूल के प्राचार्य से पढ़ाई के साथ बच्चों को स्पोर्ट्स तथा एक्स्ट्रा करिकूलर एक्टिविटीज गतिविधियों से भी जोड़ने के लिए कहा।

## मातृ एवं शिशु रोग विभाग के लिए अधोसंरचना निर्माण का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**कांकेर** । अलबेलापारा कांकेर का शासकीय कन्या महाविद्यालय भवन जिसमें पहले डेडिकेटेड कोविड अस्पताल संचालित था, उक्त भवन से अब मेडिकल कॉलेज कांकेर का मातृ एवं शिशु रोग विभाग संचालित किया जायेगा। इस भवन में सभी मूलभूत सुविधाएं एवं मशीनों की स्थापना की गई है, जिसका निरीक्षण कलेक्टर चन्दन कुमार के द्वारा आज किया गया। उन्होंने यहॉ बनाये गये पीपीओटी कक्ष, पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड, आपरेशन रूम, प्री ऑपरेटिव वार्ड, किचन, पोषण पुनर्वास केन्द्र, मातृ कक्ष, डेमो रूम, ट्रू-नाट लैब, शिशु वार्ड, स्टॉफ रूम, प्रसुति एवं स्त्री रोग आईसीयू, शिशुरोग आईसीयू, लेक्चर हॉल, शिशु रोग ओपीडी, मेटरनिटी वार्ड, लेबर रूम इत्यादि सहित अन्य कक्षों का अवलोकन किया एवं जो कार्य शेष रह गये है, उन्हें शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन डॉ. आर.सी. ठाकुर एवं लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता एस.एल. मरकाम भी मौजूद थे।

## सियान जतन क्लीनिक से बुजुर्ग मरीज हो रहे लाभान्वित

**बालोद** । कलेक्टर जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में स्पेशलाइज्ड आयुर्वेद थेरेपी सेंटर बालोद और शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय दल्लीराजहरा में प्रत्येक माह के प्रथम गुरूवार को आयोजित किए जाने वाले 'सियान जतन क्लीनिक' में बुजुर्ग मरीज इलाज कराकर लाभान्वित हो रहे हैं। प्रभारी जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. आशुतोष पाठक ने बताया कि अप्रैल माह के प्रथम गुरूवार को आयोजित सियान जतन क्लीनिक में स्पेशलाइज्ड आयुर्वेद थेरेपी सेंटर बालोद में 45 और शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय दल्लीराजहरा में 92 बुजुर्ग मरीजों की आयुर्वेद चिकित्सा एवं पंचकर्म कर लाभान्वित किया गया। इसी प्रकार मई माह के प्रथम गुरूवार को आयोजित सियान जतन क्लीनिक में स्पेशलाइज्ड आयुर्वेद थेरेपी सेंटर बालोद में 103 और शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय दल्लीराजहरा में 90 बुजुर्ग मरीजों का आयुर्वेद चिकित्सा एवं पंचकर्म कर लाभान्वित किया गया।

# अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी,वन लिपिकों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

### छ.ग. वन लिपिक कर्मचारी संघ विगत 27 अप्रैल 2022 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। संघ की 10 सूत्री मांगे हैं। संघ की ओर से जिला मुखायालय रायगढ़ के पर्यावरण पार्क में धरना, प्रदर्शन किया जा रहा है।



वही बताया जा रहा है कि रायगढ़ लिपिकों की हड़ताल से विभागीय कामकाज बुरी तरह प्रभावित हुआ हैं। वन लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ ने 2019 में भी 17 दिनों तक अनिश्चितकालीन हड़ताल किया था। इसके बाद 2020 से कोरोना संक्रमण व लॉकडाउन के कारण वे हड़ताल नहीं कर पाए थे। अब कोरोना को लेकर जब हालात सामान्य हो चुके हैं तो संघ ने पुन: अपनी मांगों की तरफ सरकार का ध्यानाकर्षण करने के लिए वापस हड़ताल शुरू कर दी है। संघ के तरफ से उप प्रतांतध्यक्ष हेमंत कुमार बघेल ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि संघ की 10 सूत्रीय मांगों में से चार मांगे प्रमुख हैं।


पहली मांग छ ग तृतीय श्रेणी लिपिक वन सेवा भर्ती नियम को अधतन करते लेखापाल के 317 पदों को सहायक ग्रेड 1 एवं सहायक ग्रेड 1 के 78 पदों को लेखा अधीक्षक के पद में समाहित करने संबंधी प्रस्ताव को वित्त विभाग से सहमति दिलाई जाए। दूसरी मांग छग राज्य के राजस्व विभाग की तरह अधीक्षक पद को राजपत्रित अधिकारी का दर्जा दिया जाए। तीसरी मांग वन विभाग अंतर्गत कार्यरत डाटा एंट्री आपरेटरों का पदोन्नति चैनल लागू किया जाए। चौथी मांग समस्त वन लिपिक कर्मचारियों को प्रतिमाह 1 हजार मोबाइल भत्ता दिया जाए।




# दुलदुला क्षेत्र में बिजली बिल से लोग परेशान

जोहार छत्तीसगढ़-दुलदुला।

दुलदुला क्षेत्र में बिजली बिल से लोग हैं परेशान मामला दुलदुला क्षेत्र का है जहां लोग बिजली बिल से परेशान महसूस कर रहे हैं स्थानीय लोगों का मानना यह है कि ग्रामीण क्षेत्र में बिजली बिल पहले के अपेक्षा बहुत अधिक दिया गया है। पहले घर में लगे मीटर का रीडिंग कर बीजली बिल सीमित आता था किन्तु अब बिजली बिल विद्युत विभाग से कम्पीयूटराईज लम्बी मिलता है और बहुत अधिक बिल रहता है जबकि गांव में लोगों द्वारा बिजली का उपयोग बहुत कम करते हैं शहर जैसे गांव में फ्रीज कुलर जैसे ज्यादा बिजली खपत जैसे उपयोग नहीं होते हैं और समान्य तौर पर सोचने से बिजली खपत से अधिक बिजली बिल भरना पड़ता है बिल भी पूर्ण भ्रमात्मक रहता है यह इसलिए कहना उचित होगा कि जो बिजली बिल विद्युत विभाग से कम्पियूटराईज लम्बी बिल मिलता है और विद्युत उपभोक्ता उसे पटाने के लिए ग्राहक सेवा केन्द्र जाते हैं और अपना बिल पटाने हेतु चेक कराते हैं तो बिल में राशि में काफी अन्तर मिलता है वास्तविकता में विभाग द्वारा जारी बिल अधिक होती है और सेवा केन्द्र के कम्प्यूटर में वास्तविक बिल कम रहता है यहां अब आम आदमी बिजली विभाग का लम्बी बिल का खेल को क्या समझे बिल भुगतान के समय भी ध्यान नहीं देने वाले विद्युत उपभोक्ता बिल अधिक ही भरता है एक तो पहले से अधिक बिजली बिल रहता है अलग से बिल में बढ़ा अन्तर राशि भी गांव के भोला भाला लोग भर रहे हैं बिजली विभाग भले ही बल्ले बल्ले हो लेकिन आम जनता बिजली बिल से परेशान हैं।




शासन-प्रशासन को स्वयं संज्ञान में लेकर विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी पर उचित कार्यवाही कर आम जनता को अधिक बिजली बिल भरने से राहत दिलाने की आवश्यकता है। अब देखना यह होगा की शासन-प्रशासन की ओर से आम जनता को कब तक राहत मिलता है।

# संसदीय सचिव यूडी मिंज की ग्राम पदयात्रा दुलदुला के करडेगा पहुंची

### विधायक ने कहा अपने लोगों की सुख दु:ख जानने आया हूं

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

संसदीय सचिव यूडी मिंज ने ग्राम पद यात्रा आरम्भ की है जिसमें वे अपने साथियों के साथ शासन की योजनाओं को लेकर जनता के बीच जा रहे हैं। उनकी इस पदयात्रा को जनता का व्यापक समर्थन मिल रहा है आपको बता दें कि यह ग्राम पदयात्रा कल दुलदुला के छेरडांड से शुरू हुई है जो पकरीटोली में समाप्त हुई आज यह पदयात्रा करड़ेगा क्षेत्र के ग्राम में पहुंची जहां ग्राम वासियों ने भव्य स्वागत किया। सभी जानते है कि कुनकुरी विधायक यूडी मिंज कितने लो प्रोफाइल विधायक है आम जनता, किसानों के लिए एक बेहतर सोंच रखते और सभी से आत्मीयता से मिलते है इसीलिए वे सबसे सहज सरल मिलनसार माने जाते है यह क्षेत्र की जनता भी बोलती है। ग्राम पदयात्रा में विधायक यूडी मिंज ने कहा कि क्षेत्र की जनता से मिलने के किये ग्राम पदयात्रा शुरू किया हूं यह यात्रा कल से आरम्भ हुई है जिसका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की जनता से मिलकर क्षेत्र के लिए किये गए काम को अवगत कराना है उन्होंने कहा कि हमारे मुखिया यशस्वी भूपेश बघेल ने किसानों का कर्ज माफ किया, 2500 रूपये में धान खरीदा, भूमिहीन किसानों को 6 हजार रुपया दिया गोठान में मल्टी एक्टिवीटी गतिविधियों के माध्यम से महिला स्व सहायता समूह को आर्थिक रूप से मजबूत किया जा रहा है, उन्होंने कहा कि सरकार गोबर खरीद रही है, गोठान से जैविक खाद खरीद रही है, शासन की इतनी योजनाएं जो गांव, गरीब मजदूर के लिए इससे लोग लाभन्वित हो रहे। उन्होंने कहा कि करडेगा में किसानों के मांग पर धान खरीदी केंद्र खुला 33/11 केवही विद्युत उपकेंद्र की स्थापना हो रही है। ग्राम की सड़क भी सुधर गई है आने वाले समय में और बेहतर ढंग से क्षेत्र का विकास होगा। उन्होंने कहा कि मैं क्षेत्र के लोगों के सुख दु:ख में हमेशा भागीदार रहा है आज पदयात्रा के माध्यम से फिर संबंध मजबूत होगा। मैं नेता बनकर नहीं सबका दोस्त मित्र बेटा बनकर क्षेत्र के लोगों से मिल रहा हूं।



कांग्रेस की किसानों की सरकार जमीनी स्तर पर योजना का क्रियान्वयन करती - यूडी मिंज

# श्री जी इंफ्रास्ट्रक्चर कम्पनी द्वारा मांड नदी से अनलिमिटेड रेत परिवहन जारी

## क्षेत्रवासियों ने नव पदस्थ एसडीएम से रेत तस्करों पर कार्यवाही करने की मांग

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

**भारी मशीन लगाकर मांड नदी से बालू खनन किया जा रहा है। प्रतिदिन बड़े बड़े वाहनों से बालू की ढुलाई की जा रही है। आखिर इतने बालू का कहां उपयोग हो रहा है। बता दें कि हाटी से पत्थलगांव तक नए सड़क निर्माण की स्वीकृति हुई है।**



फाइल फोटो

जिसका कार्य श्री जी इंफ्रास्ट्रक्चर कम्पनी भोपाल द्वारा किया जा रहा है। जिन्हें सड़क निर्माण के लिए बालू की आवश्यकता है। जिसके लिए अनुमति लेकर मांड नदी डोंगाघाट धरमजयगढ़ से बालू खनन करने की अनुमति मिली है। बालू खनन के लिए कम्पनी द्वारा भारी मशीनों का उपयोग किया जा रहा है। वहीं प्रतिदिन कई हाइवा ट्रकों से बालू की ढुलाई की जा रही है। अब देखना होगा कि आखिर इतने बालू की कहां पर आवश्यकता हो रही है। कहीं कम्पनी द्वारा सड़क के नाम पर अनुमति लेकर कुछ अन्य काम तो नहीं किया जा रहा है। क्योंकि अभी सड़क निर्माण में इतनी मात्रा में कहीं पर बालू की जरूरत नहीं है। बता दें कि मांड नदी में अवैध तरीके से बालू खनन पर कुछ जनप्रतिनिधियों ने आपत्ति जताई थी। जिसके बाद कम्पनी द्वारा एसडीएम धरमजयगढ़ से सड़क निर्माण में बालू की जरूरत बताकर खनन के लिए अनुमति ली गई थी। लेकिन सड़क निर्माण के लिए बालू खनन की अनुमति लेकर भारी मात्रा में बालू ढुलाई किया जा रहा है।

### कहीं रेत की तस्करी तो हो रही है?

क्षेत्रवासियों ने नव पदस्थ एसडीएम से मांग की है कि मांड नदी से सड़क ठेकेदार द्वारा सैकड़ों ट्रिप रेत रोज उत्खनन हो रहा है। आखिर उतने मात्रा में रेत जा कहाँ रहा है। क्योंकि ठेकेदार का सड़क निर्माण कार्य सुस्त पड़ा हुआ है। ठेकेदार सिर्फ पुलिया निर्माण में ही रेत की जरूरत पड़ रहा है। फिर इतने ट्रिप रेत रोज जा कहाँ रहा है। नव पदस्थ एसडीएम को इस मामले को संज्ञान लेकर जांच करवाने की जरूरत है कहीं रेत की तस्करी तो नहीं हो रही है।

एक नजर

## डोमेस्टिक डाटा एंट्री आपरेटर एवं ऑफिस असिस्टेंट कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण प्रारंभ

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत रायगढ़ जिले के लाईवलीहुड कॉलेज में संचालित प्रशिक्षण में डोमेस्टिक डाटा एंट्री आपरेटर एवं ऑफिस असिस्टेंट कोर्स में निःशुल्क गैर अवासीय प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं। प्रशिक्षण हेतु न्यूनतम 10 वीं/12 वीं कक्षा एवं आयु 18 से 40 वर्ष होनी चाहिए। प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क होगी। जिसके उपरांत प्रशिणार्थियों को रोजगार सुनिश्चित करवाया जायेगा। इच्छुक युवक-युवतियां लाईवलीहुड कॉलेज, केआईटी कॉलेज के पास उड़ीसा रोड, गढ़उमरिया रायगढ़ में समस्त दस्तावेजों के साथ पंजीयन करवा सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु लाईवलीहुड कॉलेज रायगढ़ मोबाईल नं 9752658995 एवं 9522951210 से संपर्क कर सकते हैं।

## आयुर्वेद कार्यालय में हर गुरूवार को वृद्ध नागरिकों के लिए हो रहा सियान जतन क्लीनिक का संचालन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

संचालनालय आयुष रायपुर के निर्देशानुसार आयुष विभाग रायगढ़ जिले के अधीनस्थ संचालित शासकीय आयुर्वेद जिला चिकित्सालय, रायगढ़, आयुषविंग, स्पे.थे.से.पुसौर, स्पेशलिटि क्लीनिक, शास.आयु., होम्यो, औषधालय, प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के संस्थाओं में प्रत्येक गुरूवार को वृद्ध नागरिकों के लिए सियान जतन क्लीनिक का संचालन किया जा रहा है। जिसमें 60 वर्ष के अधिक उम्र के मरीजों को आयुर्वेद, होम्योपैथी, पंचकर्म चिकित्सा, पैथोलॉजी, योगा आदि की सुविधाएं दी जाएगी। साथ आयुर्वेद, होम्योपैथी औषधि/काढ़ा आदि का वितरण भी किया जा रहा है।

## राजीव गांधी आश्रय योजना/मुख्यमंत्री आबादी पट्टा योजना के लिए आवेदन प्राप्त करने हेतु दल गठित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

राजीव गांधी आश्रय योजना/मुख्यमंत्री आबादी पट्टा योजना के तहत प्रदत्त पट्टे की भूमि का वर्तमान कब्जे के आधार पर पट्टेदार राज्य शासन से भूमि स्वामी हक प्राप्त करना चाहता है तो वर्तमान गाईड लाईन पर निर्धारित बाजार मूल्य की 20+2 प्रतिशत राशि देय होगी। यदि पट्टेदार ने अन्य को भूमि अंतरित कर दिया है, तो उक्त कब्जेदार को वर्तमान गाईड लाईन दर पर निर्धारित बाजार मूल्य के 40+2 प्रतिशत जमा करना होगा जिसके लिए आवेदन प्राप्त करने हेतु दल गठित किया गया है। गठित दल 14 एवं 16 मई 2022 को निर्धारित शिविर स्थल में पूर्वान्ह 11 बजे से सायं 5.30 बजे तक शिविर स्थल पर उपस्थित रहेंगे एवं हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त करेंगे। कार्यालय कलेक्टर नजूल शाखा रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार 14 एवं 16 मई को प्राथमिक शाला विनोबानगर रायगढ़ में शिविर आयोजित होंगे। जिसमें राजस्व निरीक्षक नजूल योगेश पटेल व सोहिता बाजपेयी तथा चंद्रशेखर कंडरा व अम्बिका प्रसाद गुप्ता उपस्थित रहेंगे। इसी तरह 14 एवं 16 मई को प्राथमिक शाला भवन केवड़ाबाड़ी रायगढ़ में आयोजित शिविर में राजस्व निरीक्षक नजूल शास्त्री प्रधान व श्री मनोज कुमार पटेल तथा अनंत कुमार सिदार व सुनील कुमार चौधरी उपस्थित रहेंगे। 14 व 16 मई को प्राथमिक शाला जगतपुर रायगढ़ में आयोजित शिविर में राजस्व निरीक्षक खेमराज पटेल व टीकाराम राठिया तथा डी.पी.जायसवाल एवं विकास कुमार भृत्य उपस्थित रहेंगे। 14 मई को शीतला मंदिर के पास पार्षद कार्यालय कोष्टापारा रायगढ़ में आयोजित शिविर सहायक अधीक्षक कमल सिंह ठाकुर व राजस्व निरीक्षक अशोकर कुमार साहू तथा 16 मई को मधुबन पारा में आयोजित शिविर में पुष्कर पटेल व योगेश सारथी उपस्थित रहेंगे।

## यातायात पुलिस ने की लापरवाह मोटरसाइकिल चालकों पर कार्यवाही

**गरियाबंद** । जिला मुख्यालय के यातायात पुलिस द्वारा मुख्यालय से गाँव को जोडने् वाले हर मार्ग पर मोटरसाइकिल चालको और कार चालको को वाहन चलाते वक्त विभिन्न सावधानियां बरतने एक माह से समझाईश दिया जा रहा है ।लेकिन कुछ एक मोटरसाइकिल चालको द्वारा पुलिस विभाग की समझाईश को अनसुना कर मोटरसाइकिल चलाने में लापरवाही बरती जा रही थी । उनके उस लापरवाही पर गरियाबंद यातायात पुलिस द्वारा बुधवार और गुरुवार को सीधा चालानी कार्यवाही किये गए ।जिसमे बुधवार के शाम को स्थानीय साई मन्दिर के सामने पंद्रह से भी ऊपर ऐसे मोटरसाइकिल चालको के खिलाफ कार्यवाही किया गया ,जहा मोटरसाइकिल में तीन सवारी , बिना हेलमेट और शराब पीकर मोटरसाइकिल चला रहे थे ।

# ग्रामीणों को वन विभाग से हाथी देखने व भगाने नहीं मिला टार्च, दुकान से खरीदने मजबूर

जोहार छत्तीसगढ़-



धरमजयगढ़ वनमंडल क्षेत्र में लगातार हाथियों की मौजूदगी है अमूमन हर दिशाओं के जंगल में हाथी घूमते देखे जा रहे हैं कहीं एकल तो कहीं समूह में गजराज मौजूद है ऐसे मे प्रभावित क्षेत्रवासी हाथी को लेकर खासा चिंतित हैं हालांकि शासन हाथी और इंशान दोनों की सुरक्षा को लेकर संजीदा जरूर है और सुरक्षा के मद्देनजर तमाम कवायद की जा रही हैं लेकिन शायद जमीं हकीकत कुछ और भी बयाँ कर रही है इसी क्रम में खासकर हाथी प्रभावित इलाकों में बसे लोगों के लिए हाथी से सुरक्षा के मद्देनजर गांव में शासन की ओर से ग्रामीणों को जनसंख्या के मुताबिक टार्च वितरण किया गया है ताकि रात के अंधेरे में गांव किनारे हाथी कूच करे तो उसे टार्च के सहारे आसानी से देखा जा सके और उसे रिहायसी इलाके से भगाया जा सके। परन्तु धरमजयगढ़ क्षेत्र के एक ग्राम से ऐसी खबरें आ रही है जहाँ के ग्रामीण वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों पर गांव में एक भी टार्च नही देने का सीधा आरोप लगा रहे है मामला धरमजयगढ़ वनपरिक्षेत्र के ग्रामपंचायत पोटिया के आश्रित ग्राम कानाकुला का है जो चारो ओर से घने पहाड़ो से घिरा हुआ है पूरी तरह से हाथी प्रभावित है यहाँ के ग्रामीणों का कहना है सालों से वन विभाग की ओर से हाथी पर नजर बनाने टार्च वितरण नही किया गया है जो बड़ी चिंतनीय विषय है जबकि आए दिन क्षेत्र में हाथी घूम रहे है जिस कारण हाथी भय से परेशान होकर ग्रामीण दुकान से टार्च खरीदकर गांव ला रहे हैं ताकि रात के अंधेरे में हाथी से यकायक आमना सामना न हो और जीवन सुरक्षित हो।

कानाकुला निवासी रामकेलन राठिया, संतकुंवर मंझवार और कन्हैय्या राठिया का कहना है कानाकुला ग्राम में सालों से किसी भी ग्रामीण को वन विभाग से एक अदद टार्च नही दिया गया है जो बड़ी विडंबना की बात है जबकि आए दिन क्षेत्र में गजराजों का घुसपैठ होते रहता है साथ ही वन ग्राम होने के नाते बिजली की आंख मिचौली भी बनी रहती है ऐसे में फिलहाल टार्च का होना काफी हद तक हाथी से सुरक्षा मिलती है।

# जनजातीय टीबी उन्मूलन हेतु पिरामल स्वास्थ्य एवं जिला स्वास्थ्य विभाग की पहल

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



आदिवासी जिले में जनजातीय टीबी उन्मूलन के लिए पहल किया जा रहा है। जिसके लिए पिरामल स्वास्थ्य को क्रियान्वयन एजेंसी के रूप में चयनित किया गया है। जो 2021 से 2025 तक जिला स्वास्थ्य विभाग के साथ कार्य करेगी। पिरामल स्वास्थ्य द्वारा 1 कम्युनिटी मोबाइलाइजर एवं 1 पैरामेडिकल स्टॉप की नियुक्ति की गई है। जो विकासखंड धरमजयगढ़ के सभी पंचायत एवं नगरीय क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं। इनके द्वारा टीवी बीमारी व क्षय रोग बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए गांव गांव से सैंपल एकत्र किया जा रहा है। इनके द्वारा गांव में लोगों को टीबी बीमारी के लक्षण एवं निदान के बारे में बताया जा रहा है। वहीं लक्षण वाले लोगों से जांच हेतु बलगम एकत्र किया जाता है। लोगों को जानकारी देते हुए टीबी का लक्षण बताया गया है अगर किसी को पुरानी खांसी या खांसने पर पर खून के धब्बे निकलना, बहुत अधिक पसीना रात में सोते वक्त निकलना, भूख नहीं लगना, वजन कम होनाए सुखना जैसे कुछ भी लक्षण दिखाई दे तो टीवी जांच कराएं। यदि किसी का रिपोर्ट टीबी पॉजिटिव आता है तो शासन द्वारा निःशुल्क रूप से मरीज के घर तक दवाइयां पहुंचा कर स्वस्थ करेंगे। पिरामल के कर्मचारी द्वारा मुनादी करके लोगों को एकत्रित कर जानकारी दी जा रही है। जिसमें जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों का भी सहयोग मिल रहा है।

# क्रोन्धा गांव के पार्रिपानी में लहलहाती धान की फसल को हाथियों ने किया बर्बाद

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



धरमजयगढ़ रेंज अंतर्गत क्रोन्धा गांव के पार्रिपानी नामक जगह में बिती रात हांथियों के दल ने धान की फसल को खाकर एवं पैरों तले रौंदकर बर्बाद कर दिए है जिसे लेकर संबंधित किसान चिंतित है । बताया जा रहा है बिती रात्रि क्रोन्धा गांव के पार्रिपानी में दर्जनभर से ज्यादा हाथियों का एक समूह गांव के किनारे स्थित खेत मे धावा बोल दिए और खेत में उतरकर पूरी तरह से फसल को रौंदकर चौपट किए है। रात में जब इस बात की जानकारी ग्रामीणों को हुई तो सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दूर से मशाल जलाकर हो हल्ला करके जैसे तैसे गजराज के दल को भगाया गया है लेकिन काफी हद तक फसलों का नुकसान हो चुका है वहीं बताया जा रहा है रात में हाथियों का दल खडगांव एवं बायसी गांव के किनारे जंगल की ओर कूच किए है । हालांकि ग्रामीणों का कहना है रात में जब हाथी खेत मे घुसे उस वक्त किसी को कोई जानकारी नही हुई और जब खबर लगी तब तक काफी हद तक फसल को नुकसान पहुंचा चुके थे वहीं उन्हें संबंधित वनकर्मी एवं हाथी मित्रदल को सूचित करने का मौका ही नही मिला बाद में संबंधित वन रक्षक को फसल नुकसानी के विषय मे बताया गया। जानकारी के लिहाज से गांव के दर्शन राठिया ,बंधु राठिया,रोहित,उमाशंकर और महत्तर नामक 5 किसानों की फसल को हाथी बर्बाद किए है।

# आंगनबाड़ी केंद्र से चावल की हुई चोरी

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।




नन्हे बच्चों के निवाले पर चोरों ने डाका डाल दिया। घटना धरमजयगढ़ थाना अंतर्गत तराईमार की है। जहां आंगनबाड़ी केंद्र तराईमार से बच्चों के भोजन के लिए रखे चावल की चोरी हुई है। 11 मई की रात्रि चोरों ने केंद्र का ताला तोड़कर अंदर रखे एक बोरी चावल को ले गए। सुबह जब कार्यकर्ता सहायिका आंगनबाड़ी खोलने पहुंचे तो देखा कि ताला टूटा हुआ है। अंदर देखने पर एक बोरी चावल गायब था। घटना की जानकारी कार्यकर्ता द्वारा गांव के पंचो को दी गई। वहीं धरमजयगढ़ थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित शिकायत की गई है।

## कुशाभाऊ ठाकरे जन्म शताब्दी कार्य विस्तार योजना कार्यक्रम में पहुंची सांसद गोमती साय

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



कुशाभाऊ ठाकरे जन्म शताब्दी कार्य विस्तार योजना के अंतर्गत रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सासंद रायगढ़ विधानसभा अंतर्गत लोइंग मंडल के अंतिम गांव बेलरिया में जन चौपाल कार्यक्रम में सम्मिलित हुई। जहां कार्यकर्ताओं एवं आमजनों का अपार प्रेम मिला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जा रहे विभिन्न योजनाओं का जानकारी दी गई तथा छत्तीसगढ़ कांग्रेस की वादाखिलाफी सरकार छत्तीसगढ़ वासियों को छल रही है। जिसको आमजनों तक पहुंचाया। इसी कड़ी में ग्राम जुर्डा में जनसभा कार्यक्रम के साथ साथ भगवान जगन्नाथ मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होकर आशीर्वाद लिए व क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना किए। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष उमेश अग्रवाल, कार्य विस्तार योजना के जिला प्रभारी विवेक रंजन सिन्हा, आलोक सिंह, रत्थू गुप्ता, बिलिश गुप्ता, नवीन विश्वाल, अजा मोर्चा अध्यक्ष मोहन कुर्रे, सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मीमोहन पटेल, मनोज प्रधान, आशा पंडा, राजू मिश्रा, ग्राम सरपंच रेशम साव, मंडल अध्यक्ष सुकलाल चौहान, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राजू बेहरा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष छवि पटेल सहित अन्य भाजपा के पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता व आमजन उपस्थित रहे ।

# जिला भाजपा की बैठक में 16 तारिख जेल भरो आंदोलन की बनी रणनीति

## शक्ति केंद्रों में विस्तारकों के कार्यों की हुई समीक्षा, अच्छे कार्यों के लिए सुषमा खलखो एवं रविन्द्र भाटिया हुए सम्मानित

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

**आज जिला भाजपा की बैठक मुख्यत-दो विषयों को लेकर आयोजित हुई। जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मुख्यत- दो विषयों पर चर्चा हुई।**






### लाठी खाना पड़े तो खाएंगे लेकिन जेल जरूर जाएंगे-गोमती साय

पहला आगामी 16 अप्रैल को जेलभरो आंदोलन को सफल बनाने एवं विस्तारकों के कार्यों की समीक्षा की गई। महत्त्वपूर्ण कार्यकर्त्ताओं की इस बैठक को संबोधित करते हुए सांसद गोमती साय ने कहा कि इस कार्यक्रम में युवा मोर्चा की महती भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि लाठी खाना पड़े तो लाठी खाएंगे लेकिन जेल जरूर जाएंगे। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ओपी चौधरी ने कहा कि हम सभी दायित्ववान कार्यकर्त्ताओं के लिए अपनी ताकत दिखाने का यह एक अवसर है। रायगढ़ जिले की सांसद गोमती साय, प्रदेश मंत्री एवं पूर्व कलेक्टर ओपी चौधरी, पूर्व विधायक एवं मंत्री सत्यानंद राठिया, प्रदेश सदस्य गुरूपाल भल्ला, विवेक रंजन सिंहा, जिला महामंत्री अरूणधर दिवान, सतीश बेहरा, नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष पूनम सोलंकी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक केराबाई मनहर, आलोक सिंह, शीला तिवारी,अरूण कातोरे,ज्योति पटेल, कमल गर्ग, दीनानाथ खूंटे,अंशु टूटेजा, मनीष शर्मा, कौशलेश मिश्रा, मंजूल दीक्षित, किसान मोर्चा प्रदेश सदस्य टीका राम पटेल, विकास केशरवानी, महामंत्री अनिल पांडेय एवं सभी मंडल के प्रभारी ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जेल भरो आंदोलन में जिले से कुल पांच हजार कार्यकर्ताओं की अपेक्षा की गई है। संख्या की पूर्ति के लिए सभी मंडलों को जवाबदारी दी गई है।

धर्मजयगढ से 100, कार्यकर्ता अपेक्षित है सभी मंडलों के विस्तारकों की समीक्षा की गई जिसमें मंडल धर्मजयगढ के 16 शक्तीकेंद्रों की जानकारी दी गई 12, शक्ति केंद्र में विस्तारकों का आगमन हो चुका है और 4 में बाकी है जिसमें 2 विस्तारक का आगमन आज होने की जानकारी दी गई। इसी प्रकार बाकारुमा मंडल के दस शक्ति केंद्रों में से छः शक्ति केंद्रों में बैठक होना और दो विस्तारक प्रवास की जानकारी दी गई। जेल भरो आंदोलन में पचास की संख्या लेकर आने की बात कही गई। सभी मंडल प्रभारियों ने संख्या बताई।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in